रोहतक

शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
प्रथमा वर्ष : 29, अंक : 175
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 35.5
न्यून. 22.4


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





पीएम मोदी बोले-दोनों देशों के संबंधों के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन, द्विपक्षीय व्यापार में सालाना 34 अरब डॉलर की वृद्धि होगी, दस दौरान विजन 2035 का भी अनावरण किया

ब्रिटिश पीएम स्टॉर्मर बोले-भारत के साथ हमारा ऐतिहासिक व्यापार समझौता, ब्रिटेन के लिए बड़ी जीत है, दोनों देशों को फायदा होगा, लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा

मोदी और उनके समकक्ष स्टॉर्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर

# भारत व ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक फ्री ट्रेड डील, 99% भारतीय सामान शुल्क मुक्त

## भारतीय खाद्य कपड़े, जूते, आभूषण को यूके मार्केट में पहुंच मिलेगी और भारत में यूके की व्हिस्की, कारें सस्ती मिलेंगी

**लंदन (एजेंसी/भाषा)।** भारत-ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए, जिससे सालाना द्विपक्षीय व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है। इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड ने इस पर हस्ताक्षर किए। यह ब्रिटिश कंपनियों के लिए व्हिस्की, कारों और अन्य उत्पादों का भारत में निर्यात भी आसान करेगा। इस तरह दोनों देशों के बीच कुल व्यापार में बढ़ोतरी होगी। दोनों देशों के बीच तीन साल की बातचीत के बाद इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। इससे भारतीय वस्तुओं को सभी क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है। भारत को 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों के पूरी तरह शुल्क-मुक्त होने से फायदा होगा। मोदी और स्टॉर्मर ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और प्रवास के क्षेत्रों में संबंधों को विस्तार देने के लिए विजन 2035 का भी अनावरण किया। इसका लक्ष्य द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना है।

### समझौते का यह होगा असर

भारतीय टैक्सटाइल्स, फुटवियर, रत्न, आभूषण, सी-फूड और इंजीनियरिंग गुड्स को ब्रिटेन में बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी

भारत के लोगों व उद्योग के लिए ब्रिटेन में बने उत्पाद जैसे मेडिकल डिवाइसेस और एयरोस्पेस पार्ट्स सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे



### ये सामान टैक्स फ्री

| आइटम | पहले | अब |
|---|---|---|
| प्रोसेस्ड फूड | 70% | 0% |
| वेजिटेबल ऑयल | 20% | 0% |
| ट्रांसपोर्ट/ऑटो | 18% | 0% |
| लेदर/फुटवियर | 16% | 0% |
| इलेक्ट्रिकल मशीनरी | 14% | 0% |
| ग्लास/सिरेमिक/हैजर | 12% | 0% |
| टेक्सटाइल/क्लोदिंग | 12% | 0% |
| लकड़ी/पेपर | 10% | 0% |
| बेस मेटल | 10% | 0% |
| मैकेनिकल मशीनरी | 8% | 0% |
| मिनरल्स/केमिकल्स | 8% | 0% |
| प्लास्टिक/रबर | 6% | 0% |
| इंस्ट्रूमेंट्स/ घड़ी | 6% | 0% |
| रत्न और ज्वेलरी | 4% | 0% |
| फर्नीचर /खेल के सामान | 4% | 0% |
| हथियार | 2% | 0% |

*सोर्स: मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री*

### इन सेक्टर्स में आएगा बूस्ट

- टेक्सटाइल सेक्टर
- गहने और चमड़े का सामान
- इंजीनियरिंग सामान और ऑटो पार्ट्स
- दवाइयां और मेडिकल डिवाइस
- खाने-पीने का सामान, चाय, मसाले और समुद्री प्रोडक्ट्स
- केमिकल्स और स्पेशलिटी मटेरियल्स
- ग्रीन एनर्जी और क्लीनटेक

### अर्थव्यवस्था को क्या फायदा

- **निर्यात में बढ़ोतरी :** भारत का यूके को निर्यात 2030 तक 29 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।
- **रोजगार बढ़ेगा :** टेक्सटाइल और चमड़ा जैसे लेबर बेस्ड सेक्टर में नई नौकरियां पैदा होंगी। रोजगार दोगुना होगा।
- **एमएसएमई को बढ़ावा :** भारत के 6 करोड़ एमएसएमई को लाभ होगा। ये भारत के 40% निर्यात में योगदान देते हैं।
- **निवेश में बढ़ोतरी :** यूके की कंपनियां भारत में आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज व ग्रीन टेक्नोलॉजी में निवेश बढ़ाएंगी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत होगा।
- **आर्थिक विकास:** यह डील 2030 तक भारत-यूके व्यापार को 15 प्रतिशत सालाना बढ़ाएगी। यह भारत के 100 बिलियन डॉलर के व्यापार लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी।

*ब्रिटेन के महाराजा को मोदी ने पौधा भेंट किया।* *(पेज 8 पर)*

भारत-ब्रिटेन में मुक्त व्यापार समझौता 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब डॉलर तक पहुंचाने में भी मदद करेगा

### भारत में यूके के चॉकलेट-बिस्किट सस्ते होंगे

भारत में यूके की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर,चॉकलेट, बिस्किट, सालमन फिश, कॉस्मेटिक सामान, मेडिकल उत्पाद, लग्जरी कारें सस्ते होंगे। स्कॉच व्हिस्की और जिन पर भारत का टैरिफ 150% से घटकर 75% हो जाएगा। बाद में समझौते के दसवें साल तक इसे घटाकर 40% कर दिया जाएगा। उदाहरण- 5000 रुपये की स्कॉच बोतल 3500 रुपये में मिलेगी। कारों (जैसे जगुआर लैंड रोवर, रोल्स-रॉयस) पर टैरिफ 100% से कोटा सिस्टम के तहत 10% तक आ जाएगा। यके से आयात होने वाले सैल्मन, लैंब, चॉकलेट, बिस्किट और सॉफ्ट ड्रिंक्स पर टैरिफ कम होगा। इससे ये उत्पाद सस्ते होंगे। *(पेज 4 भी देखें)*

### ब्रिटेन का भारत से 11 अरब पाउंड का आयात

ब्रिटेन ने कहा कि समझौते के बाद भारतीय उपभोक्ताओं को सॉफ्ट ड्रिंक, सौंदर्य प्रसाधन, कार एवं चिकित्सा उपकरण जैसे बेहतरीन ब्रिटिश उत्पादों तक आसान पहुंच मिलेगी। इसकी वजह यह है कि एफटीए लागू होने के बाद औसत सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगा। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने से कुछ घंटे पहले ब्रिटेन ने एक बयान में कहा कि वह पहले से ही भारत से 11 अरब पाउंड का सामान आयात करता है लेकिन भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम होने से ब्रिटिश उपभोक्ताओं एवं कंपनियों के लिए भारतीय उत्पादों की खरीद अधिक आसान और सस्ती हो जाएगी।

बैडमिंटन की नई सनसनी

# रोहतक की उन्नति ने किया बड़ा उलटफेर

## ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधू को हराकर किया बाहर

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** रोहतक के चमारियां गांव की स्टार शटलर (17) उन्नति हुड्डा ने गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए ओलंपिक पदक विजेता व बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जाट कॉलेज की बीएससी स्पोर्ट्स साइंस की छात्रा उन्नति ने इतिहास रचते हुए प्रदेशवाशियों का दिल जीत लिया। इस हार के साथ ही सिंधू इस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। अब क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को उन्नति का मुकाबला जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त व दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से होगा। सिंधू 7 साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में साथी भारतीय से हारी हैं।



### शुरूआत से ही सिंधू को चौंकाया

उन्नति ने सिंधू को चौंकाते हुए कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है।

### उन्नति का सफर

- 2021 में का पहला टूर्नामेंट इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज था। हालांकि इसमें हार गई।
- 2022 में ओडिशा ओपन जीता।
- थाईलैंड के नॉनथाबूरी में 2022 बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में रजत जीता।
- 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते हैं।

### 7 साल की उम्र में बैडमिंटन खेल रही

बैडमिंटन की नई सनसनी उन्नति 7 साल की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। पिता उपकार हुड्डा ने बेटी को छोटू राम स्टेडियम बैडमिंटन अकादमी में दाखिला दिलाया। उन्नति ने इसी साल 12वीं पास की है।

### ऐतिहासिक प्रदर्शन

कोच प्रवेश कुमार ने कहा, उन्नति ने गली खेल से शुरुआत की। छोटूराम स्टेडियम में कोचिंग के बाद जिला स्तरीय टूर्नामेंट जीता। आज उसने पीवी सिंधू को हराकर इतिहास रच दिया। उसकी सिंधू से पहली मुलाकात तब हुई थी, जब उन्नति ने दिल्ली में हुए जेबीसी कप में गोल्ड जीता। उस समय पीवी सिंधू ने उन्नति को मेडल पहनाया था।

## खबर संक्षेप

### हिमाचल में बस खाई में गिरी, आठ की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में सरकारी बस सड़क से फिसलकर 100 फीट नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में चार महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना मसेरन के निकट तरंगला में उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सरकाघाट से जिले के दुर्गापुर जा रही थी। बस में चालक और परिचालक सहित 29 लोग सवार थे। भाषा

### एक्टर दर्शन को जमानत पर शीर्ष कोर्ट की आपत्ति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रेणुकास्वामी मर्डर केस में कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा और छह अन्य को जमानत देने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह विवेकाधीन शक्ति का गलत इस्तेमाल है। अभिनेता की जमानत रद्द करने की कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। शीर्ष कोर्ट जल्द इसमें फैसला देगा। एजेंसी

# अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के ऋण 'घोटाले' में ईडी के छापे

**मुंबई (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के कथित ऋण घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि इन कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ और बैंक ऋणों के अलावा कुछ अघोषित विदेशी संपत्तियां भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में छापेमारी की जा रही है। ये परिसर 50 कंपनियों और करीब 25 लोगों से जुड़े हैं।



### घूसखोरी के संकेत

सूत्रों ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि ऋण दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रवर्तकों को उनके संस्थानों में धनराशि प्राप्त हुई थी जो रिश्वत के लेनदेन का संकेत देता है। एजेंसी रिश्वत और ऋण से जुड़े मामले की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी यस बैंक द्वारा रिलायंस अंबानी समूह की कंपनियों को दी गई ऋण स्वीकृतियों में पिछली तारीख के ऋण दस्तावेज, बैंक की ऋण नीति का स्पष्ट उल्लंघन कर बिना किसी उचित जांच या ऋण विश्लेषण के निवेश प्रस्तावित करना जैसे घोर उल्लंघनों के आरोपों की जांच कर रही है।

### इन आरोपों में छापेमारी

ईडी सूत्रों ने बताया कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के ऋण के गलत इस्तेमाल के आरोपों में ये छापेमारी की जा रही है। समूह की दो कंपनी 'रिलायंस पावर' और 'रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर' ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचना में कहा कि ईडी की कार्रवाई का उनके व्यवसाय संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है।

अंगारा एयरलाइंस का रूसी एएन-24 प्लेन चीन सीमा के पास क्रैश

रूस की एविएशन सेफ्टी एजेंसी जांच करेगी

# सभी 49 लोगों की मौत, कुछ घंटे पहले कंट्रोल रूम से संपर्क टूटा

एजेंसी ▸▸ मॉस्को

रूस में अंगारा एयरलाइंस का एक यात्री विमान एएन-24 पूर्वी रूस में चीन के साथ लगती सीमा के अमूर इलाके में टिंडा शहर के पास क्रैश हो गया। हादसे में 49 लोगों की मौत हो गई, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। हादसे की पुष्टि क्षेत्रीय प्रशासन और आपातकालीन विभाग ने की है। इस विमान ने टाइंडा शहर की ओर उड़ान भरी थी, लेकिन अपने गंतव्य से कुछ ही दूरी पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम से उसका संपर्क टूट गया।

### विमान तेज गति से जमीन से टकराया



*हादसे के समय एएन-24 विमान में कुल 49 लोग सवार थे, जिनमें 5 बच्चों सहित 43 यात्री और चालक दल के 6 सदस्य शामिल थे। सभी यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। ऐसा लगता है विमान बहुत तेज गति से जमीन से टकराया था।*

**पीएम मोदी ने दु:ख जताया**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में हुए विमान हादसे पर गहरा दु:ख जताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, रूस में हुए भयानक विमान हादसे में लोगों की मौत से गहरा दु:ख हुआ है। पीड़ितों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। हम इस दु:ख की घड़ी में रूस के लोगों के साथ एकजुटता के साथ खड़े हैं।*

### सीईटी के कारण प्रदेश में 26 और 27 को सभी स्कूलों में छुट्टी : ढांडा



**जींद।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि 26 और 27 जुलाई को सभी स्कूलों की छुट्टी रहेगी। जिन स्कूलों में सीईटी का सेंटर नहीं है, वहां भी छुट्टी रहेगी। ढांडा वीरवार को सीआरएसयू में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा द्वारा यूनिवर्सिटी में कोर्स बंद करने की बात पर ढांडा ने कहा कि हुड्डा को पता नहीं है कि आज जमाना तेजी से बदल रहा है।

### हरियाणा कैडर के आईपीएस आलोक बने डीजी जेल



**चंडीगढ़।** प्रदेश की जेलों की जिम्मेदारी अब 1991 बैच के आईपीएस अफसर आलोक राय को सौंपी गई है। उन्हें जेल डीजी नियुक्त किया है। राय ने कार्यभार संभालते ही साफ कर दिया है कि दस दिनों के अंदर कोई भी कमी पेशी है, तो उसको दूर कर लें, जिसके बाद में लापरवाही बरतने वाले अफसरों और कर्मियों के विरुद्ध एक्शन होगा। (पेज दो भी देखें)

# सीएम हाउस में तैनात कमांडो के भाई की गंडासे से काटकर हत्या

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** बढसीकरी कलां गांव में सीएम हाउस में तैनात कमांडो के भाई की गंडासे से काटकर हत्या कर दी गई। कत्ल करने से पहले उसे गलियों में खूब दौड़ाया गया और मारपीट की गई। इसके बाद उसके शव को गोबर के ढेर पर फेंक दिया। हत्या का पता तब चला, जब गुरुवार सुबह लोगों ने गली में खून पड़ा देखा। उसके शरीर पर गंडासे से कई वार किए गए थे। सिर से पैर तक जख्म थे। पुलिस के मुताबिक, युवक किसी दूसरे गांव का है और वह इस गांव में आया था। पुलिस ने युवक के परिजनों को बुलाकर पिता के बयान दर्ज कर लिए हैं। परिवार का कहना है कि युवक यहां गांव में आता-जाता था। यह हत्या कैथल के बड़सीकरी कलां गांव में हुई है। मरने वाले युवक प्रवीन की उम्र 24 साल है। वह मटौर गांव का रहने वाला है।

कैथल के गांव बढ़सीकरी कलां में वारदात
**दौड़ा-दौड़कर मारा, शव गोबर के ढेर पर फेंका**

### पिता बोले-बड़ा बेटा था आचरण भी अच्छा था

पुलिस ने मटौर गांव से मृतक के पिता पालाराम को बुलाया। उन्होंने पुलिस को बताया कि प्रवीन उनका बड़ा बेटा था। उसका छोटा भाई प्रीतम भोरिया चंडीगढ़ में सीएम हाउस में कमांडो है। प्रवीन अक्सर बड़सीकरी कलां आता-जाता करता था। उसके खिलाफ कभी कोई शिकायत नहीं आई। उसका आचरण भी ठीक था।

### चचेरा भाई बोला- शिवरात्रि मेले में गया था प्रवीन

मृतक के चचेरे भाई रमेश ने बताया है कि प्रवीन बुधवार को खड़ालवा गांव के शिव मंदिर में शिवरात्रि का मेला देखने गया था। जब शाम को भी घर वापस नहीं आया तो उसे फोन किया। तब उसने फोन पर कहा था कि वह जल्द ही घर आ जाएगा। रमेश ने कहा-मुझे लगता है कि मेले में ही प्रवीन की किसी से कहासुनी हुई होगी, जिसके बाद इसकी हत्या की गई। वहीं कलायत थाना प्रभारी रामनिवास का कहना है कि गहन जांच के बाद ही अपराधियों की धरपकड़ शुरू की जाएगी।

# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट : हाईकोर्ट के फैसले पर 'सुप्रीम' रोक

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी, लेकिन कहा कि उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को नजीर न माना जाए। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा, 'हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल द्वारा कानून संबंधी बिंदु पर प्रस्तुत दलीलों पर ध्यान देते हुए, हम इस बात के इच्छुक हैं कि संबंधित फैसले को मिसाल के रूप में नहीं जाएगा। इसे देखते हुए विवादित फैसले पर रोक रहेगी।



तीन दिन पहले 12 आरोपित हुए थे बरी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, फिलहाल आरोपितों की रिहाई पर असर नहीं

**पहल** न्यायमित्र इंदिरा जयसिंह ने शीर्ष अदालत से की सिफारिश

*सुप्रीम कोर्ट में कहा-वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए संबंधों को मानता है अपराध*

# संबंध बनाने की वैध सहमति उम्र 18 से घटाकर 16 साल की जाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाने के लिए वैधानिक उम्र 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने की शीर्ष अदालत से सिफारिश की है। चर्चित 'निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ' मामले में शीर्ष अदालत की सहायता करने वाली न्यायमित्र जयसिंह ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के तहत 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर एवं किशोरियों से जुड़ी यौन गतिविधियों को पूर्ण अपराधीकरण करने को चुनौती देते हुए अपने लिखित प्रस्तुतियां दी हैं। उन्होंने दलील दी कि वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए प्रेम संबंधों को अपराध मानता है और उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

### 70 वर्षों तक 16 वर्ष ही थी आयु सीमा

जयसिंह ने कहा कि कानूनी ढांचा किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को गलत तरीके से दुर्व्यवहार के बराबर मानता है, तथा उनकी स्वायत्तता, परिपक्वता और सहमति देने की क्षमता को नजरअंदाज करता है। 'सहमति की आयु 16 से बढ़ाकर 18 वर्ष करने को उचित ठहराने के लिए कोई तर्कसंगत कारण या अकाट्य आंकड़ा नहीं है।' आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा इसे बढ़ाए जाने से पहले 70 वर्षों से अधिक समय तक (यौन सहमति की) आयु सीमा 16 वर्ष ही रही थी। जयसिंह ने कहा कि (शारीरिक) संबंध बनाने के लिए सहमति की उम्र में वृद्धि बिना किसी बहस के की गई थी, और यह न्यायमूर्ति वर्मा समिति की सिफारिश के विरुद्ध है।

### समय से पहले युवा हो रहे किशोर

न्यायमित्र ने कहा कि आजकल किशोर समय से पहले ही यौवन प्राप्त कर लेते हैं और अपनी पसंद के रोमांटिक और यौन संबंध बनाने में सक्षम होते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के निष्कर्षों सहित वैज्ञानिक और सामाजिक आंकड़े बताते हैं कि किशोरों में यौन गतिविधियां असामान्य नहीं हैं। जयसिंह ने 2017 और 2021 के बीच 16-18 वर्ष की आयु के नाबालिगों से जुड़े पॉक्सो कानून के तहत अभियोजन में 180 प्रतिशत की वृद्धि का हवाला दिया। अंतरजातीय या अंतरधार्मिक संबंधों से जुड़े मामलों में अधिकतर शिकायतें अक्सर लड़की की इच्छा के विरुद्ध माता-पिता द्वारा दर्ज कराई जाती हैं।




## खबर संक्षेप



### विधायी कार्यों की ड्राफ्टिंग का प्रशिक्षण देगी लोस

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को नई दिल्ली में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच अनेक विधायी और प्रशिक्षण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। यह प्रशिक्षण लोक सभा की ओर से हरियाणा सरकार व विधान सभा के कर्मचारियों के लिए आयोजित किया जाएगा। इससे उनकी कार्य क्षमता में खासा इजाफा होगा। लोक सभा की टीम प्रशिक्षण देने के लिए चंडीगढ़ आएगी। विधायी कार्यों की ड्राफ्टिंग एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके लिए स्टाफ की दक्षता जरूरी है। इसके लिए कॉम्प्रिहेंसिव ट्रेनिंग की जरूरत है। कर्मचारियों को विधायी प्रणाली, टूल्स, ड्राफ्टिंग, बिल, एक्ट, प्रश्नों के लिए नोटिस, संकल्प प्रस्ताव आदि की ड्राफ्टिंग का ज्ञान होना आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री ने बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के झोझूकलां में की जनसभा

# प्रदेश में जल्द निकाली जाएगी पुलिस भर्ती तैयारी में जुट जाएं सभी अधिकारी : सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को चरखी दादरी के बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के झोझूकलां में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में सैनी ने कहा कि युवाओं को राहत देते हुए कहा कि प्रदेश में जल्द ही पुलिस भर्ती निकाली जाएगी और इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को कहा गय है कि तैयारी में जुट जाएं। सैनी ने कहा कि आगामी 26-27 जुलाई को प्रदेशभर में सीईटी परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बसों की व्यवस्था की गई है, ताकि वे परीक्षा केंद्रों तक सुचारू रूप से पहुंच सकें। लड़कियों के साथ उनके परिवार के एक सदस्य को भी बस में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लगभग 68 करोड़ रुपये लागत की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 54 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत की 17 का शिलान्यास तथा लगभग 13 करोड़ 5 लाख की 2 परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल हैं।



**चंडीगढ़।** झोझूकलां में आयोजित जनसभा को संबोधित करते मख्यमंत्री नायब सैनी।

#### जनसेवा के लिए नॉन-स्टॉप सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा राजनीति नहीं जन सेवा के लिए नॉन स्टॉप काम कर रही है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के साथ-साथ हम हरियाणा को विकसित भारत के विकास का इंजन भी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है पूरे हरियाणा का संतुलित विकास, चाहे वह शहर हो या गांव।

#### देश सेवा में दादरी की अग्रणी भूमिका

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमेशा देश की रक्षा, सेवा और निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। सीमाओं की सुरक्षा हो या देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की बात हो, यह इलाका समर्पित लोगों का रहा है। आज यहां उमड़ी अपार भीड़ इस बात का प्रमाण है कि लोगों का भरोसा भाजपा की नीतियों में बढ़ रहा है।

# सीईटी: 26 को सभी स्कूलों में छुट्टी, महिलाओं को मंगलसूत्र, सिखों को धार्मिक चिह्न पहनने की छूट रहेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में 26 जुलाई को सभी स्कूलों में छुट्टी रहेगी। प्रदेश में तीसरी श्रेणी के पदों के लिए 26 और 27 जुलाई को सामान्य पात्रता परीक्षा होगी। सरकार ने 26 जुलाई शनिवार को सभी स्कूलों में छुट्टी का ऐलान किया है।

जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में पहुंचे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने इसकी घोषणा की। इन स्कूलों में प्राइवेट और सरकारी दोनों स्कूल शामिल रहेंगे। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने एलान किया है कि अमृतधारी सिखों को धार्मिक चिह्न पहनने की छूट रहेगी। चूंकि तीज हरियाणा का प्रमुख पर्व है, इसलिए महिलाओं को मंगलसूत्र पहनने की छूट रहेगी।

अमृतधारी सिखों तथा शादीशुदा महिलाओं को तय समय से पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा, ताकि उनकी जांच हो सके। उधर, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बुधवार को परीक्षा की तैयारियों के संबंध में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुल 13 लाख 48 हजार 697 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

#### प्रवेश पत्र के लिए हाई कोर्ट पहुंचे

कई युवा सीईटी को लेकर कुछ अभ्यर्थियों ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर आयोग को परीक्षा में भाग लेने की अनुमति देने तथा एडमिट कार्ड जारी करने का निर्देश देने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन पत्र समय पर भरा, सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए, फीस का भुगतान भी किया और फार्म को अंतिम रूप से जमा कर दिया था।

# पूर्व सांसद के बेटे की 127.33 करोड़ की संपत्ति जब्त

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद कंवरदीप सिंह के बेटे करणदीप सिंह की 127.33 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली। ईडी के दिल्ली स्थित ऑफिस से जारी बयान के मुताबिक, मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप की जांच के दौरान करणदीप सिंह के मालिकाना हक वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ईडी को शक है कि एल्केमिस्ट ग्रुप ने गलत तरीके से पैसे कमाए और उसे इधर-उधर किया। मामले में कंवर दीप सिंह और उनके बेटे करण दीप सिंह भी जांच के दायरे में हैं। ईडी के अनुसार, यह मामला हरियाणा के पंचकूला स्थित एल्केमिस्ट हॉस्पिटल और ओजस हॉस्पिटल से जुड़ा है। करणदीप सिंह इसके शेयरों के लाभार्थी मालिक हैं। प्रवर्तन निदेशालय अब तक पांच अलग-अलग अस्थायी कुर्की आदेशों के माध्यम से 238.42 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त कर चुका है। यह जब्ती एल्केमिस्ट ग्रुप उसके निदेशकों, प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं से जुड़ी मनी लॉनड्रिंग जांच का हिस्सा है। कंवर दीप सिंह को ईडी ने 12 जनवरी 2021 को गिरफ्तार किया था।

# 6 साल से निष्क्रिय पड़े 21 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, ए श्रीनिवासन ने आयोग की हिदायतों अनुसार प्रदेश के 21 गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा पिछले 6 वर्षों में किसी भी चुनावी गतिविधि में भाग न लेने के वजह से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से इन 21 गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आवश्यक कागजात जमा करवाने तथा सुनवाई के लिए 22 व 23 जुलाई को अवसर प्रदान किया गया था, परन्तु उक्त दोनों तिथियों को इन 21 गैर मान्यता प्राप्त दलों का कोई भी प्रतिनिधि सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

#### ये हैं पार्टियां

*ए श्रीनिवासन ने बताया कि गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया में अपना राज फ्रंट झज्जर, हरियाणा स्वतन्त्र पार्टी झज्जर, राष्ट्रीय बुजुर्ग शक्ति पार्टी झज्जर, भारत (ईन्टीग्रेटीड) रक्षक दल गुडगांव, भारतीय जन हित विकास पार्टी गुडगांव , गुड़गांव रेजिडेन्ट पार्टी गुड़गांव, हिन्द समदर्शी पार्टी गुड़गांव, कर्मा पार्टी गुड़गांव, मेरा गांव मेरा देश पार्टी गुड़गांव, नेशनल जनहित कांग्रेस (एबी)गुड़गांव, समरस समाज पार्टी गुड़गांव, टोटल विकास पार्टी गुड़गांव, जनता उदय पार्टी फरीदाबाद, बेरोजगार आदमी अधिकार पार्टी फरीदाबाद, राष्ट्रीय आर्य राज सभा रोहतक, सेवा दल,रोहतक,लोक परिवर्तन पार्टी (डीसी)पानीपत, हरियाणा जनरक्षक दल सोनीपत, हरियाणा कान्ति दल कुरूक्षेत्र,राष्ट्रीय कर्मयोग पार्टी, करनाल और सुशासन पार्टी, भिवानी शामिल हैं।*

### डॉ. सुमिता मिश्रा ने दी जानकारी

# गरीब कैदियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, जेल, आपराधिक जांच एवं न्याय प्रशासन डॉ. सुमिता मिश्रा ने हरियाणा के सभी जिलों में 'गरीब कैदियों को सहायता योजना' के तत्काल क्रियान्वयन के लिए निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार कर जिले जिले में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, यह समिति उन गरीब कैदियों की पहचान, मूल्यांकन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी जो जमानत पाने या जुर्माना भरने में असमर्थ हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि सभी उपायुक्तों को 15 दिनों के भीतर विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही जेलों का दौरा करने, योजना के बारे में जागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### वाणिज्य मंत्री राव नरबीर ने दी राहत

# इलेक्ट्रिक वाहनों पर फिर बहाल की जाएगी सब्सिडी

चंडीगढ़। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने राज्य के मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 40 लाख से कम कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर दी जाने वाली सब्सिडी को पुनः बहाल किया जाए। राव नरबीर सिंह आज नई एमएसएमई नीति को लेकर उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। वर्तमान में 40 लाख से अधिक कीमत वाले वाहनों पर 15 प्रतिशत तक की सब्सिडी उपलब्ध है। जो मध्यमवर्ग की पहुंच से बाहर है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस संबंध में आवश्यक नीतिगत निर्णय तत्काल प्रभाव से लिया जाए।

### हरियाणा कैडर के आईपीएस आलोक राय बने डीजी जेल, बोले

# खूंखार कैदियों को अलग रखने के लिए अंबाला-गुरुग्राम की जेल हाईटेक होंगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की जेलों की जिम्मेदारी अब 1991 बैच के आईपीएस अफसर आलोक राय को सौंपी गई है। राय ने कार्यभार संभालते ही साफ कर दिया है कि दस दिनों के अंदर अंदर कोई भी कमी पेशी है, तो उसको दूर कर लें, जिसके बाद में लापरवाही बरतने वाले अफसरों और कर्मियों के विरुद्ध एक्शन होगा। आलोक राय ने कहा कि खूंखार कैदियों को अलग से रखने, हाईटेक जेलों और आधुनिक जैमर आदि लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में कामकाज हो रहा है। हमारे पास इस समय 17 जिला जेल और अन्य तीन जेल हैं।

अंबाला और गुरुग्राम में इस तरह से जेलों को तैयार किया जा रहा है, ताकि बड़े गैंग और खूंखार कैदियों को यहां पर रखा जा सके, साथ ही सुरक्षा का घेरा भी कड़ा हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि अहम बात यह है कि हरियाणा की कई जेलों में कश्मीर में आतंकवाद फैलाने, पत्थर मारने वाले भी बंद हैं, जिनके मामले बेहद ही संवेदनशील हैं, उसके बावजूद हरियाणा जेल विभाग अफसरों ने जिम्मेदारी संभाली हुई है।बता दें कि राज्य सरकार ने गत दिवस ही दो वरिष्ठ पुलिस अफसरों के तबादले किए थे। इसके तहत नए डीजी जेल आईपीएस आलोक राय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब से पहले डीजी जेल जिम्मेदारी संभाल रहे आईपीएस मोहम्मद अकील को कमांडेंट जनरल होमगाड्र्स एंड सिविल डिफेंस का जिम्मा दिया गया है। 1991 बैच के आईपीएस आलोक राय अब से पहले कमांडेंट जनरल होम गाड्र्स और सिविल डिफेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वे अपनी सर्विस के दौरान अहम पदों पर रह चुके हैं। राय इसी साल सितंबर में और मोहम्मद अकिल दिसंबर में रिटायर होंगे। इस तरह से दोनों ही अफसर इसी साल में रिटायर होने वाले हैं।

#### सुधार की मुहिम चलेगी, सख्ती और सत्संग दोनों



आलोक राय।

आईपीएस राय ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हरियाणा की जेलों में वे विजिट करेंगे, इस दौरान जो भी खामियां मिलेंगी उनको दूर कराने का प्रयास करेंगे अर्थात सख्ती व सत्संग दोनों होंगे। जेलों में संतों, कथावाचकों और प्रेरणादायक मोटिवेशनल (वक्ताओं ) को बुलाया जाएगा। पहले से जो कार्यक्रम चले आ रहे हैं, उनको बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूबे में तीन नई जेलों का निर्माण भी जारी है। इस क्रम में चरखी दादरी और पंचकूला के साथ-साथ में फतेहाबाद में नई जेलों के निर्माण की प्रक्रिया जारी है। जबकि रेवाड़ी की जेल का उद्घाटन हो चुका है। पंचकूला के जलौली गांव में जेल निर्माण किया जाएगा।

#### सोशल मीडिया पर नजर, मोबाइल मिला तो खैर नहीं

शनिवार को नए डीजी जेल आलोक राय ने बैठक बुला ली है, उन्होंने कहा कि जेलों में मोबाइल, नशा आदि की शिकायतें कम हैं, उसके बाद भी कोई कर्मचारी अधिकारी इसमें शामिल पाया गया, तो इस तरह के मामलों में समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसी के साथ में कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है, जेलों और बाहर से कैदियों, गैंग चलाने जैसी शिकायतों पर शिकंजा कसा जाएगा।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61256141 | इंटर व्हीकल पॉवर कप्लर विद इ–बीम केबल्स | 20 सेट्स | 18 अगस्त 2025 |
| 2. | 61255728A | वर्टीकल फ्रिक्शन डैम्पर | 212 नग | 14 अगस्त 2025 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 61256141, 61255728A 2246/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **गोविंद, पुत्रः बिमलेश तिवारी, निवासीः गांव पाई, थाना खरखौदा, जिला सोनीपत, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.386/2011 U/S 279/304A IPC** के तहत एक मामला **थाना समयपुर बादली, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **गोविंद** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **गोविंद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.386/2011 U/S 279/304A IPC, थाना समयपुर बादली, दिल्ली** के आरोपी उक्त **गोविंद** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए **दिनांक 26.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार डॉ. नेहा खेरिया
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
उत्तरी जिला, न्यायालय संख्या 319
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/9776/ON/2025
(अदालती मामला)



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.नं. 233 दिनांक 21.07.2025 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत ।



**गुमशुदा की पहचान**

नाम- सन्नी।
पिता का नाम - प्रेमशंकर।
पता- गांव बाली जिला बरेली हाल पता आर के कालोनी मुरथल जिला सोनीपत।
उम्र- लगभग 15 वर्ष।
कद- 4 फुट।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, सामान्य शरीर, काले बाल, काली आंखें।
पहनावा - सफेद टी-शर्ट व काली लोवर पहने हुए है व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.07.2025 को सन्नी पुत्र प्रेमशंकर वासी गांव बाली जिला बरेली हाल पता आर के कालोनी मुरथल जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जो अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410540
अनुसंधानकर्ता मो. नं.-9466846009
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3674/2026/36936/88/6 दि. 24.07.25



## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| Parking | 1. | UMB-Mix-16-2025 | अंबाला डिवीजन के नाभा रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए कुल 396.85 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 2. | UMB-Mix-17-2025 | साहिबजादा अजीत सिंह नगर (एसएएसएन) मोहाली रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 2914.55 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 3. | UMB-Mix-17-2025 | सहारनपुर में टी2 कॉलोनी पार्क के पास कुल 1133 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल (साइट प्लान के अनुसार)। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 4. | UMB-Mix-17-2025 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (मुख्य साइड) पर कुल क्षेत्रफल 3383.5 वर्ग मीटर (1129.02 वर्ग मीटर + 2254.48 वर्ग मीटर) का व्यापक पार्किंग स्थल। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 5. | UMB-Mix-18-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर कुल 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 07.08.2025 12:00:00 |
| | 6. | UMB-Mix-18-2025 | शिमला रेलवे स्टेशन में बाबा भलकू रेल संग्रहालय के पास और आउटवर्ड गुड्स शेड में 2963.93 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल। | 07.08.2025 12:00:00 |
| Catering | 7. | UMB-Mix-16-2025 | मलौट रेलवे स्टेशन के पार्किंग नंबर 1 पर 10' x 6' आकार की छोटी खानपान इकाई (स्टॉल)। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 8. | UMB-Mix-16-2025 | कालका रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल)। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 9. | UMB-Mix-16-2025 | पटियाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एसएमयू स्टॉल नंबर 12। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 10. | UMB-Mix-18-2025 | जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन के पीएफ–02 (10' x 6' फीट) पर जीएमयू स्टॉल नंबर 2। | 07.08.2025 12:00:00 |
| | 11. | UMB-Mix-18-2025 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर 40.61 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का जलपान कक्ष। | 07.08.2025 12:00:00 |
| NFR | 12. | UMB-Mix-16-2025 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 13. | UMB-Mix-16-2025 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन – डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 14. | UMB-Mix-16-2025 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 15. | UMB-Mix-16-2025 | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन– डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 29.07.2025 12:00:00 |
| | 16. | UMB-Mix-17-2025 | ट्रेन नं. – 14503 / 14504 (KLK-SVDK Express) एवं 22455 / 56 (SNSI-KLK Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 17. | UMB-Mix-17-2025 | ट्रेन नं. – 14521 / 14522 (DLI-UMB Express) & 14507 / 08 (DLI-FKA Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 18. | UMB-Mix-17-2025 | ट्रेन नं. – 14525 / 14526 (UMB-SGNR Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 19. | UMB-Mix-17-2025 | ट्रेन नं. – 14523 / 14524 (UMB-BJU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 20. | UMB-Mix-17-2025 | ट्रेन नं. – 12449 / 50 (CDG-MAO Sampark Kranti Express) & 10215 / 16 (MAO-ERS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 21. | UMB-Mix-17-2025 | ट्रेन नं. – 20493 / 94 (CDG-MDU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 22. | UMB-Mix-17-2025 | ट्रेन नं. – 22451 / 22452 (CDG-BDTS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 23. | UMB-Mix-17-2025 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |
| | 24. | UMB-Mix-17-2025 | बराडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 01.08.2025 12:00:00 |

2242/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में बस स्टैंड के मौजूदा परिसर में प्रस्तावित नये 6 बेज बस स्टैंड का निर्माण (सिक्योरिटी/स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 23.07.2025 30.07.2025 | 12.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में धांगेर में राजकीय बहुतकनीकी में अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान। | 21.07.2025 29.07.2025 | 14.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में शौचालय ब्लॉक (महिलाएं एवं पुरुष) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 8.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज पिंजौर | गांव जोहरीवाला जीपी-मंगनीवाला, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 22.07.2025 29.07.2025 | 20.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज हिसार | आर्य नगर, हिसार-2, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के नाम सामुदायिक केन्द्र का निर्माण (एचजीवीवाई) + 9 कार्य। | 23.07.2025 04.08.2025 | 193.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खुबडू में समक्ष्य तालाब के निकट चारदिवारी का निर्माण, डी-प्लान 2025-26. | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 10.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 7 | वन विभाग, सिरसा | सिरसा जिले के 8 ब्लॉक में प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा और प्लांटेशन कार्य। | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 31.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा चरखी दादरी | विभिन्न गांवों के बाढ़ प्वाइंट्स के लिए सामग्री की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 0.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रोमेकेनिकल उपकरणों के प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर/चौकीदार/ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन करनाल | करनाल जिले में विभिन्न राजकीय स्वास्थ्य सुविधाओं को ईडीएल के अनुरूप औषधि और कंज्यूमेबल्स, डेंटल मदों और अन्य मदों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा के सम्बन्ध में। | 30.07.2025 22.08.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842267796 dhs.csknl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/200/36953/I/88/6 दि. 24.07.25

## खबर संक्षेप

### सहायक प्रोफेसर लगवाने का झांसा देकर ठगे 23 लाख

**जींद।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर लगवाने का झांसा देकर 23 लाख रुपये हड़पने पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जलालपुरा कलां निवासी खुशीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पशुपालन विभाग में कार्यरत वीएलडीए गांव कथूरा निवासी सुरेश नरवाल से जान पहचान रही है। सुरेश ने बताया कि उसकी बड़े लोगों से अच्छी जान पहचान है। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर की वैकेंसी निकली हुई है। जिसमें वह उसकी लड़की को सहायक प्रोफेसर लगवा देगा। सुरेश के झांसे में आकर उसने चार लाख रुपये सुरेश नरवाल तथा 19 लाख रुपये सुरेश के जानकार कौशिक नगर निवासी हरीश शर्मा के खाते में गत 18 जनवरी को आरजीटीएस के माध्यम से डलवा दिए। बावजूद इसके उसकी बेटी का सिलेक्शन सहायक प्रोफेसर के पद पर नहीं हुआ। आरोपियों ने पैसे लौटने से भी इनकार कर दिया।

### फायरिंग करने के आरोप में दो गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** लड़ाई-झगड़े और गोली चलाने के मामले में अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना तिगांव में नितिन निवासी तिगांव फरीदाबाद ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 जून को जब उसके पिता उनके अनाज मंडी वाले प्लॉट पर गये तो कुछ लोगों ने उन पर पिस्तौल, हथौडे व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें उनको एक गोली लगी और गंभीर चोटे आई। जिस शिकायत पर थाना तिगांव में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने मोनू वासी गांव सहासाबर जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश हाल इंदिरा कॉम्पलेक्स नियर चंदीला डेरी खेड़ीपुल फरीदाबाद व मोहित निवासी गांव खटेला जिला पलवल हाल इंदिरा कॉम्पलेक्स नियर चंदीला डेरी खेड़ी पुल फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

### क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर ठगी

**फरीदाबाद।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 6. 81 लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी को साईबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्भगढ में तिरखा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक कॉल आया जिसमें वर्क फॉर्म होम के लिए बोला गया। जिसके बाद उसे कुछ टास्क दिए गये जिनके बदले उसे कुछ पैसा दिया गया और फिर उसे क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। फिर उसे निवेश के नाम पर कुल 6. 81 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब उसने पैसे निकालने चाहे तो उससे कुल रूपये का 30 प्रतिशत और टैक्स के रूप में मांगा गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस जांच में जुटी है।

# शिव मंदिर में शरारत करने से रोका तो सेवादार को मारी गोली, हालत गंभीर

■ कांवड़ियों की कई दिन से सेवा करने में जुटा था कुलदीप ■ स्कॉर्पियो सवार बदमाशों को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

शिवरात्रि के दिन देर रात्रि को रतिया क्षेत्र के गांव रत्ताखेड़ा के सरदूलगढ़ रोड पर बने शिव मंदिर में गांव रत्ता खेड़ा के एक 25 वर्षीय युवक कुलदीप को स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए तीन चार युवकों ने मंदिर में आकर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगने से कुलदीप गंभीर घायल हो गया जिसे देर रात्रि को ही रतिया के नागरिक अस्पताल में लाया गया लेकिन गंभीर हालत के चलते उसे हिसार रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर देर रात को ही नागरिक अस्पताल में डीएसपी नरसिंह, सिटी थाना प्रभारी रणजीत सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार कुलदीप की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है। डीएसपी नरसिंह ने बताया कि गांव रत्ताखेड़ा में रात को धार्मिक कार्यक्रम के बाद गांव के कुलदीप को गोली मारने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थे लेकिन गंभीर हालत के चलते कुलदीप को रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव रत्ताखेड़ा में बुधवार को शिवरात्रि पर्व को लेकर गांव के सरदूलगढ़ रोड स्थित शिव मंदिर में हरिद्वार से कावड़ लेकर आने वाले कांवडियों द्वारा शिवलिंग पर जल अर्पित करने का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान गांव का ही 25 वर्षीय कुलदीप पिछले कुछ दिनों की तरह कांवड़ियों की सेवा कर रहा था। रात करीब 8 बजे गांव के विष्णु उर्फ डोगर, संदीप, बुधराम व हडौली गांव का एक युवक मंदिर में आया और मंदिर परिसर में कांवड़ियों और अन्य श्रद्धालुओं के साथ शरारत करने लगा। बताया गया है कि इस दौरान कुलदीप व उसके कुछ साथियों ने विष्णु व उसके साथियों को शरारत करने से रोका जिस पर दोनों में हल्की बहस भी हुई थी लेकिन धार्मिक पर्व में उमड़ी भीड़ को देखकर विष्णु अपनी साथियों के साथ वहां से चला गया। बाद में रात करीब 10 बजे हथियारों सहित मंदिर में आया। इस दौरान कुलदीप गांव के अन्य ग्रामीण सेवादारों के साथ धार्मिक कार्यक्रम के समापन के बाद साफ सफाई में लगा हुआ था तो आते ही विष्णु ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने हाथ में लिए पिस्तौल से कुलदीप पर गोली चला दी। गोली कुलदीप के कूल्हे से ऊपर पीठ में लगी। इसके बाद काफी शोर मच गया। इसी बीच डोगर अपने साथियों सहित मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने कुलदीप को संभाला और उसे घायल अवस्था में रतिया नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन गंभीर हालत होने के चलते से रेफर कर दिया गया।

■ गोली चलने से मंदिर में अफरातफरी मच गई

■ मंदिर में बहस के बाद दोस्तों को लेकर पहुंचा था आरोपी



### गांव के ही एक युवक पर शक

पुलिस की एक टीम हिसार में घायल कुलदीप के बयान लेने के लिए भेजी गई है। कुलदीप के बयान के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव के ही विष्णु उर्फ डोगर व उसके दो-तीन अन्य साथियों का नाम सामने आ रहा है। काबू करने के लिए तीन टीमों का गठन कर दबिश दी जा रही है।

### पुलिस कर रही छापेमारी

डीएसपी नरसिंह ने बताया कि घायल कुलदीप का हिसार के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है तथा पुलिस टीम कुलदीप के बयान लेने को लेकर भेजी गई है। फिलहाल जिन युवकों के नाम सामने आए हैं उनको पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया है जो युवकों की तलाश में दबिश दे रही है।

# व्यापारी आढ़तियों के 18 करोड़ लेकर फरार, तीन पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




■ धान खरीदकर पैसे देने से इनकार दुकान बंद कर गायब हुआ

■ आढ़ती एसोसिएशन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया

अनाज मंडी के आढ़तियों के 18 करोड़ रुपये हड़पने पर अनाज मंडी के प्रधान की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने आढ़ती फर्म के संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुशील सिहाग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अनाज मंडी में महाबीर मित्तल व उसका परिवार दो फर्म चला रहा था। वर्ष 2024 में उनकी फर्म ने अनाज मंडी की अन्य 164 फर्मों के माध्यम से धान की खरीद की थी। जिसका 18 करोड़ रुपये महाबीर मित्तल फर्म की तरफ बकाया था।

### ताला लगाकर गायब

आरोपित लंबे समय तक फर्मों को राशि वापस करने का आश्वासन देते रहे। लंबा समय बीत जाने के बाद भी आरोपितों ने राशि को नहीं लौटाया। आरोपित राशि को लौटाने मे आनाकानी करने लगे। जिसके बाद गत फरवरी माह में आरोपित अपनी फर्मों को ताला लगा कर गायब हो गए।

बड़ी राशि के फंसने से आढ़तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने महाबीर मित्तल, उसके बेटे प्रवीण मित्तल, सुमित मित्तल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुछ समय पहले महाबीर मित्तल की दोनों फर्मों के खिलाफ 46 लाख रुपये हडपने का मामला दर्ज हुआ था।

### पुलिस अधिकारी बोले- मामले की जांच कर रहे

शहर थाना के जांच अधिकारी जसबीर सिंह ने बताया कि आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान ने राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# तीन नशा तस्करों को दस-दस साल की सजा और जुर्माना

**भिवानी। (ब्यूरो)** अदालत ने एक किलो 50 ग्राम चरस व 102 ग्राम अफीम के साथ पकड़े गए तीन आरोपीयों को दोषी साबित होने पर प्रत्येक आरोपी को सुनाई गई 10-10 वर्ष कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई। इनमें से एक आरोपी मिताथल, मंढाणा तथा तीसरा आरोपी गांव जाटू लोहारी का रहने वाला है। अदालत ने आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी किया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 03 आरोपियों को मादक पदार्थ चरस व अफीम खरीदने व बेचने के मामले में दोषी ठहराते हुए 3 आरोपियों को 10-10 वर्ष की कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी आर चालिया की अदालत ने थाना सदर भिवानी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में 03 आरोपीयों को दोषी ठहराते हुए दोषी को 10-10 वर्ष कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ -2 भिवानी के सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने अपनी टीम के साथ 01 व्यक्ति को थाना सदर भिवानी के एरिया में मादक पदार्थ चरस व अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। टीम द्वारा दी गई की शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा अंकित किया गया था। न्यायालय के द्वारा धारा 20(सी) व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी गोविंद उर्फ गोगी पुत्र बारूराम निवासी मिताथल जिला भिवानी, सचिन पुत्र सुनील कुमार निवासी गांव मंढाणा जिला भिवानी व दिनेश पुत्र नेपाल निवासी जाटू लोहारी जिला भिवानी को 10 वर्ष कैद व जुर्माना लगाया।



# यूनिवर्सल बिल्डवेल के प्रमोटर व पूर्व निदेशक गिरफ्तार

■ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने कसा शिकंजा

**गुरुग्राम।** मनी लॉंड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेसर्स यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर और पूर्व निदेशक रमन पुरी, वरुण पुरी और विक्रम पुरी को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सात साल से अधिक समय से अदालती समन के बावजूद फरार थे। अदालतों द्वारा रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामलों में उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया था और बाद में दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले, आरोपियों को कोर्ट द्वारा जारी प्रोडक्शन वारंट के आधार पर विशेष न्यायालय, गुरुग्राम के समक्ष पेश किया गया था। आरोपियों को अब 29 जुलाई 2025 तक ईडी की हिरासत में भेजा गया है। ईडी ने मेसर्स यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज 30 से अधिक एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। रमन पुरी, विक्रम पुरी और वरुण पुरी पर रियल एस्टेट परियोजनाओं को समय पर पूरा नही करने और घर खरीदारों से उनकी मेहनत की कमाई ठगने का आरोप लगाया है। कंपनी को सीआईआरपी कार्रवाई में ले जाया गया, जिसके परिणामस्वरूप घर खरीदारों की मांग स्वीकार कर ली और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कुछ संपत्तियाँ घर खरीदारों को सौंपने का आदेश दिया। अधिकांश घर खरीदारों ने वर्ष 2010 से पहले ही अपना धन निवेश कर दिया था और घर खरीदारों को फ्लैट नहीं दिए गए। पूर्व प्रमोटरों द्वारा 2010 से निर्माण रोका हुआ था, इसलिए परियोजनाओं को पूरा नहीं किया गया।

### बॉयर्स से जुटाए थे एक हजार करोड़

यह मामला यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आरोपी व्यक्तियों द्वारा घर खरीदारों के धन को धोखाधड़ी से जुटाने से जुड़ा है। जो 2010 तक परियोजना को पूरा करने के झूठे वादों और वाणिज्यिक परियोजनाओं में सुनिश्चित रिटर्न का वादा करने के आधार पर किया गया था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों पर जालसाजी और धोखाधड़ी के माध्यम से विभिन्न वित्तीय संस्थानों को धोखा देने का भी आरोप है। इसके अलावा आरोपियों पर अपने निजी लाभ के लिए जाली समझौते करने का भी आरोप है। इस मामले में, एकत्र किए गए आंकड़ों से पता चला है कि कंपनी ने अपने आरोपी प्रमोटरों के माध्यम से गुरुग्राम व फरीदाबाद में आठ अलग-अलग परियोजनाओं, जैसे यूनिवर्सल ट्रेड टॉवर, यूनिवर्सल ग्रीन्स, यूनिवर्सल बिजनेस पार्क, ऑरा, यूनिवर्सल स्क्वायर, मार्केट स्क्वायर, द पैविलियन और यूनिवर्सल प्राइम, पर 12 वर्षों में 1000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि एकत्र की और केवल आंशिक धन का उपयोग इनके निर्माण खर्च किया इसके अलावा आरोपियों पर आपराधिक हेराफेरी, धोखाधड़ी, जालसाजी और धोखाधड़ी के माध्यम से अपने निजी लाभ के लिए संपत्तियों को अधिग्रहित करने के लिए धन का गबन का आरोप है।




## अमरनाथ यात्रियों के लिए रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक व जाखल होते साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी

**नारनौल।** रेलवे द्वारा अमरनाथ यात्रा के लिए यात्रियों की सुविधा हेतु यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा-जबलपुर अमरनाथ यात्रा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 01707, जबलपुर-श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा अमरनाथ यात्रा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 04.08.25 व 11.08.25 को (02 ट्रिप) जबलपुर से सोमवार को 05.25 बजे रवाना होकर मंगलवार को 18.00 बजे श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 01708, श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-जबलपुर अमरनाथ यात्रा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 05.08.25 व 12.08.25 को (02 ट्रिप) श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा से मंगलवार को 21.15 बजे रवाना होकर गुरूवार को 09.35 बजे जबलपुर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में कटनी मुडवारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर, मुरैना, आगराकैंट, मथुरा जं., अलवर, रेवाडी, झज्जर, रोहतक, जाखल, धुरी, लुधियाना, जलन्धर कैंट, पठानकोट कैंट व जम्मूतवी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 फर्स्ट एसी, 02 सैकण्ड एसी, 06 थर्ड एसी, 09 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 24 डिब्बे होगे।

# छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, शिक्षक बोला-फंसाने की साजिश

**कैथल। (ब्यूरो)**जिले के एक राजकीय विद्यालय में एक छात्रा द्वारा लगाए गए कथित व्यवहार संबंधी आरोपों के आठ दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कानूनी कार्यवाही नहीं हुई है। विद्यालय में कार्यरत अंग्रेज़ी विषय के एक शिक्षक पर लगाए गए आरोपों की जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति चल रही है, जबकि शिक्षक स्वयं इसे एक गहरी साजिश बता रहे हैं। यह पूरा मामला 16 जुलाई को उस समय प्रकाश में आया, जब कक्षा दसवीं की एक छात्रा ने विद्यालय प्रधानाचार्य को लिखित शिकायत दी कि एक शिक्षक ने कंप्यूटर कक्ष में उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। उसी दिन विद्यालय प्रबंधन ने तीन सदस्यों वाली आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जिसमें दो महिला व एक पुरुष शिक्षक को रखा गया। समिति ने 17 जुलाई को छात्रा को बुलाया, परंतु वह डरी-सहमी थी और कुछ कह नहीं सकी। 18 जुलाई को वह अपने परिजनों के साथ विद्यालय पहुँची और मौखिक रूप से कुछ बातें बताईं। 19 जुलाई को छात्रा ने स्वयं लिखित रूप से यह कहा कि वह अब किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करवाना चाहती। इसके बाद 21 जुलाई को गांव में एक पंचायत बुलाई गई, जिसमें छात्रा के परिजनों ने अपने विचार बदले और कहा कि वे अब शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करवाना चाहते हैं। इस पर 22 जुलाई को महिला थाना में शिकायत दी गई। इसके बाद 23 जुलाई को क्षेत्राधिकारी (डीएसपी) सुशील कुमार विद्यालय पहुँचे और शिक्षक, प्रधानाचार्य तथा अन्य स्टाफ से पूछताछ की। 24 जुलाई को महिला थाना प्रभारी निरीक्षक वीना भी विद्यालय आईं और दोबारा पूछताछ की

### बोला- छात्राओं को अनुचित फोटो देखने पर टोका था

स्कूल के शिक्षक ने अपने ऊपर लगे इन सभी आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि वह निर्दोष है और उसे जानबूझकर बदनाम करने की साजिश की जा रही है। शिक्षक ने बताया कि 16 जुलाई को दो छात्राओं को अनुचित चित्र देखते हुए टोका था, जिसके बाद कुछ अन्य शिक्षकों के इशारे पर यह झूठी शिकायत तैयार करवाई गई। उनका कहना है कि विद्यालय का ही एक गुट उन्हें फंसाने पर तुला हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी बताया कि छात्रा की सहेलियों पर शिक्षक के खिलाफ बयान न देने का दबाव बनाया गया, और 21 जुलाई को आरोपी शिक्षक बिना अनुमति के कंप्यूटर कक्ष से निगरानी यंत्र (डीवीआर) ले गया। इसकी शिकायत विद्यालय ने सदर थाने में दी थी। 23 जुलाई को डीवीआर लौटाया गया, जिसे अब पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।

**पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल :** पुलिस की भूमिका पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब शिकायत, समिति की रिपोर्ट और पंचायत का निर्णय सब सामने है, तो पुलिस अब तक प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं कर रही? महिला थाना प्रभारी स्वयं यह नहीं बता पा रही हैं कि शिकायत थाने में किस दिन पहुंची। अब सवाल यह है कि कहीं किसी दबाव के चलते पुलिस शिक्षक के खिलाफ जल्दबाजी में कोई निर्णय तो नहीं लेना चाहती, या फिर यह मामला राजनीतिक प्रभाव में दबाया जा रहा है? शिक्षक लगातार यही कह रहा है कि वह निर्दोष है, और जांच निष्पक्ष होनी चाहिए।

# खाद्य आपूर्ति राज्यमंत्री नागर ने एफसीआई गोदामों पर की छापेमारी, नमी मिलने पर जताई नाराजगी, सैंपल भरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ राज्यमंत्री ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्यमंत्री राजेश नागर ने अमीन रोड पर स्थित एफसीआई गोदामों पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान राज्यमंत्री ने अलग-अलग गोदामों में जाकर चावलों की नमी और अन्य व्यवस्थाओं को चैक किया। इतना ही नहीं अलग-अलग स्टैग से चावलों के सैम्पल लिए गए। इन सैम्पलों को जांच के लिए नियमानुसार लैब में भेजा जाएगा। हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्यमंत्री राजेश नागर वीरवार को जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद अचानक अमीन रोड पर स्थित एफसीआई गोदाम पर पहुंचे। उन्होंने एफसीआई विभाग की एक ही परिसर में बने अलग-अलग गोदामों में चावलों के स्टैग को चैक किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने एफसीआई के अधिकारियों से चावलों के स्टॉक, रख रखाव, नमी, चावलों को खराब होने से रोकने के लिए किए गए ट्रीटमेंट सहित अन्य व्यवस्थाओं की फीडबैक ली। नमी मिलने पर नाराजगी भी जताई। इस चैकिंग के दौरान अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। राज्यमंत्री राजेश नागर ने अलग-अलग गोदाम से चावलों के स्टैग से कई सैम्पल भी लिए और चावलों के लगे स्टैग का बारीकी से निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एफसीआई द्वारा वर्ष 2023-24 व 24-25 के सीजन के दौरान 9 लाख मीट्रिक टन चावल की खरीद की थी। इस समय एफसीआई के गोदाम में लगभग 7 लाख 50 हजार चावल के कट्टे रखे हुए है। इन गोदामों को लेकर शिकायतें मिल रही थी। इसलिए गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया है और चावलों के सैम्पल भी भरे गए है। इन सैम्पलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। इस जांच रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।



**कुरुक्षेत्र।** एफसीआई गोदाम पर जांच करते राज्यमंत्री राजेश नागर।

### जहां भी शिकायत मिलेगी वहां गोदामों की जांच की जाएगी

उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में जहां-जहां भी शिकायत मिलेगी उस शिकायत के आधार पर गोदामों की चेकिंग की जाएगी। अगर कहीं भी किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### पुराने चावलों के वितरण में तेजी लाने के निर्देश

राज्यमंत्री ने कहा कि पुराने चावलों का वितरण करने के निर्देश एफसीआई के अधिकारियों को दिए गए है। इस पुराने स्टॉक का वितरण करने के बाद आने वाले सीजन में नए चावल को रखने में दिक्कत नहीं आएगी। इसके अलावा चावलों का सही ट्रीटमेंट करने और स्टॉक को जल्द से जल्द क्लीयर करने के निर्देश दिए गए है। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, डीएफएससी राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# हकृवि की सिमरन यूएस की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से करेंगी पीएचडी

■ प्रति वर्ष 23 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति व अन्य सुविधाएं मिलेगी

**हिसार। (ब्यूरो)** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क तथा निशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय लगातार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजन में प्रयासरत है।



### दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर बनेगी

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है। फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपए का वजीफा और स्वास्थ्य बीमा निशुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। जिसमें उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपये की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा। छात्रा सिमरन ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को देते हुए बताया कि उन्होंने सदैव उसे आगे बढने के लिए प्रेरित किया जिसके कारण वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकी। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र मोर उपस्थित रहे।

# एसआईआर के खिलाफ संसद में प्रदर्शन करने पर भाजपा का विपक्ष पर प्रहार
# जो 'लोकतंत्र' सही से लिख नहीं सकते, वे लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने निकले हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान 'लोकतंत्र' की गलत वर्तनी वाले बैनर को लेकर विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि जो लोग उक्त शब्द लिखना भी नहीं जानते, वे लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने निकल पड़े हैं। इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कई सांसदों ने बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा किये जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था। उनके सामने एक बड़ा बैनर था जिस पर लिखा था: 'एसआईआर- लोकतंतर पर वार'। ये विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तथा 'लोकतंत्र बचाओ' और 'वोटबंदी बंद करो' जैसे नारे लगा रहे थे।

बैनर में 'लोकतंत्र' की गलत वर्तनी को लेकर विपक्षी दलों का मजाक उड़ाते हुए, भाजपा की आईटी शाखा के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर लिखा, '' लोकतंत्र होता है, न कि लोकतंतर।'' 'इंडिया' गठबंधन के विरोध प्रदर्शन की तस्वीर पोस्ट करते हुए भाजपा ने 'लोकतंत्र' की वर्तनी को लेकर विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा, ''जो लोग 'लोकतंत्र' लिखना तक नहीं जानते, वे लोकतंत्र पर पाठ पढ़ाने निकल पड़े हैं।'' इस मुद्दे पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'परिवार तंत्र और आपातकाल' की वर्तनी लिख और उसे बचा सकते हैं, जिसमें वे विश्वास करते हैं, 'लोकतंत्र' को नहीं।

'इंडिया' गठबंधन के कई सांसदों ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ संसद भवन में प्रदर्शन किया। उनके सामने एक बड़ा बैनर था जिस पर लिखा था: 'एसआईआर- लोकतंतर पर वार'।

संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर खड़े होकर की नारेबाजी






## संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित, नहीं हुआ कामकाज

### नारेबाजी और तख्तियां लाना कांग्रेस के संस्कार नहीं रहे, पर नई पीढ़ी के संस्कार देश देख रहा है : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजें ठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर हंगामा किया जिससे कार्यवाही बाधित हुई। बिरला ने कहा, '' आपसे पहले भी कहा गया है कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। इसमें जनता के महत्वपूर्ण सवाल होते हैं और सरकार की जवाबदेही होती है...कई सांसदों ने कहा कि उनका प्रश्नकाल के दौरान मुश्किल से प्रश्न आता है, लेकिन आप लोगों का जिस तरह का व्यवहार होता है, वो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है।

### उज्ज्वल निकम ने ली राज्यसभा के मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ



राज्यसभा में बृहस्पतिवार को वरिष्ठ वकील एवं न्यायविद् उज्ज्वल निकम ने मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली। निकम ने मराठी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ लेने के बाद सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। निकम एक विख्यात वकील हैं, जिन्होंने सरकारी वकील के रूप में 2008 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुकदमों को अभियोजन पक्ष की ओर से लड़ा था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल में चार विशिष्ट नागरिकों उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया था।

### रास में छह सदस्यों को दी गई विदाई

संसद में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर गतिरोध कायम रहा जबकि राज्यसभा में सेवानिवृत्त होने जा रहे छह सदस्यों को विदाई दी गयी और इस दौरान उच्च सदन में कोई शोर-शराबा देखने को नहीं मिला। जिन सदस्यों को विदाई दी गई, उनमें एम मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), एन चंद्रशेखरन (अन्नाद्रमुक), अन्बुमणि रामदास (पीएमके), एम षणमुगम (द्रमुक) और एम वाइको (एमडीएमके) शामिल हैं। द्रमुक सदस्य पी विल्सन का कार्यकाल भी समाप्त हुआ है लेकिन वह उच्च सदन के लिए पुनःनिर्वाचित हो गए हैं। उपसभापति हरिवंश, सदन के नेता जे पी नड्डा, कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी और विभिन्न दलों के नेताओं ने सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के योगदान को लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त करने की दिशा में सराहनीय बताया।

### भारत तीन प्रकार के छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर विकसित कर रहा : जितेंद्र सिंह

भारत तीन प्रकार के छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) विकसित कर रहा है, जिनमें से एक रिएक्टर विशेष रूप से हाइड्रोजन उत्पादन के लिए होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को एक लिखित उत्तर यह जानकारी देते हुए बताया कि ये रिएक्टर मुख्यतः ऊर्जा-गहन उद्योगों के लिए कैप्टिव प्लांट्स के रूप में इस्तेमाल किए जाएंगे। सिंह ने बताया कि भारत में स्वदेशी रूप से तीन प्रकार के एसएमआर विकसित किए जा रहे हैं। इनमें 200 मेगावाट विद्युत क्षमता वाला भारत स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर-200), 55 मेगावाट क्षमता वाला एसएमआर, और पांच मेगावाट थर्मल उच्च तापमान गैस कूल्ड रिएक्टर (जीसीआर) शामिल हैं।

### देश के 95.1% ग्रामीण परिवारों के पास शौचालय

जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 95.1 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास शौचालय की सुविधा है, जबकि 92.7 प्रतिशत के पास जैविक अपशिष्ट के निपटारे और 78.7 प्रतिशत के पास अशोधित जल के निपटान की व्यवस्था है। मंत्री ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किये गए स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023-24 के निष्कर्षों का हवाला दिया, जिसमें देश के 729 जिलों के 17,304 गांवों को शामिल किया गया था। सर्वेक्षण में 2,60,059 परिवारों और 85,901 सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और बाजारों से लिए गए फीडबैक को शामिल किया गया। कचरा पृथक्करण के संदर्भ में, केवल 39.9 प्रतिशत परिवारों ने ही कचरे को जैविक रूप से विघटित होने वाले और ठोस कचरा के रूप में अलग-अलग रखे जाने के बारे में बताया।



### 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्द हटाने की योजना नहीं

सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों पर पुनर्विचार करने या उन्हें हटाने की वर्तमान में कोई योजना नहीं है। सरकार ने यह भी कहा कि उसने संविधान की प्रस्तावना से इन दोनों शब्दों को हटाने के लिए ''औपचारिक रूप से कोई कानूनी या संवैधानिक प्रक्रिया'' नहीं शुरू की है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुछ सार्वजनिक या राजनीतिक क्षेत्रों में इस पर चर्चा या बहस हो सकती है, लेकिन इन शब्दों के संशोधन के संबंध में ''सरकार द्वारा किसी औपचारिक फैसले या प्रस्ताव की घोषणा नहीं की गई है।'' उन्होंने कहा कि सरकार का आधिकारिक रुख यह है कि संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों पर पुनर्विचार करने या (प्रस्तावना से) उन्हें हटाने की वर्तमान में कोई योजना या इरादा नहीं है।



### मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए तैयारियां प्रगति पर

भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' वर्ष 2027 की पहली तिमाही में प्रक्षेपित किया जाएगा और इसके लिए आवश्यक अवसंरचना जैसे ऑर्बिटल मॉड्यूल प्रिपरेशन फैसिलिटी, गगनयान कंट्रोल सेंटर, क्रू प्रशिक्षण सुविधा और लॉन्च पैड में आवश्यक संशोधन पूरे कर लिए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गगनयान कार्यक्रम के तहत ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल (एचएलवीएम3) का विकास और ग्राउंड परीक्षण पूरा हो चुका है। इसके अलावा चालक दल और सर्विस मॉड्यूल की प्रणोदन प्रणाली, ईसीएलएसएस इंजीनियरिंग मॉडल, तथा क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) के पांच प्रकार के मोटर्स का विकास और स्थैतिक परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है।



## खबर संक्षेप

### महिमा गोसाईं एक्सप्रेस की बोगी पटरी से उतरी



**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर में गुरुवार की सुबह महिमा गोसाईं एक्सप्रेस की एक बोगी अचानक पटरी से उतर गई। यह घटना संबलपुर सिटी स्टेशन के पास सुबह करीब 9:15 बजे हुई, जब ट्रेन भुवनेश्वर से संबलपुर की ओर आ रही थी। खबर मिलते ही रेलवे और पुलिस विभाग तुरंत हरकत में आए। राहत रही कि किसी को कोई चोट नहीं पहुंची।

### दिल्ली को मिलेगी 1100 आरोग्य मंदिर की सौगात



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को नागरिकों को 93 लाख स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाने का दावा करते हुए मार्च 2026 तक 1,100 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू करने की घोषणा की। 34 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली को लगातार एक वरदान मिल रहा है और वह है आयुष्मान भव।

### 15 दिन में बनाएंगे नई पार्टी: टीएमसी विधायक



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भरतपुर विधानसभा सीट से विधायक हुमायूं कबीर ने बगावती तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने अपनी ही पार्टी को अल्टीमेटम देते हुए 15 दिन का समय दिया है। उनका कहना है अगर पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं हुआ तो वह नई पार्टी बना लेंगे। पार्टी के ही नेता विकासमें बाधा डाल रहे हैं।

### धर्मांतरण में क्राइम ब्रांच प्रभारी सिद्दीकी सस्पेंड



**मेरठ।** कमिश्नरेट पुलिस के क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी को पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने निलंबित कर दिया है। 2019 में मेरठ के सिविल लाइन थाना प्रभारी रहते सिद्दीकी ने अपहृत युवती का मुकदमा दर्ज नहीं किया।पीड़ित परिजनों का आरोप था कि युवती का अपहरण छांगुर बाबा गैंग के एक सदस्य ने किया है।

यदि आयोग सोचता है कि वह बच निकलेगा, तो यह उसकी गलतफहमी है

## राहुल ने कहा-निर्वाचन आयोग की धोखाखड़ी के 100 प्रतिशत सबूत, ईसी ने आरोप का खंडन किया



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की ओर से धोखाधड़ी किए जाने के ''100 प्रतिशत सबूत'' हैं और यदि आयोग सोचता है कि वह इससे बच निकलेगा, तो यह उसकी गलतफहमी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहा है। उन्होंने कर्नाटक के निर्वाचन क्षेत्र के नाम का उल्लेख नहीं किया। राहुल के आरोपों पर निर्वाचन आयोग ने कहा, ''अगर चुनाव याचिका दायर की गई है, तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करें। अगर नहीं, तो अभी बेबुनियाद आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं?'' चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के भीतर चुनाव याचिका दायर की जा सकती है। ऐसी याचिकाएं उस राज्य के उच्च न्यायालयों में दायर की जा सकती हैं, जिसमें संबंधित निर्वाचन क्षेत्र आता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''यह बहुत ही गंभीर मामला है। निर्वाचन आयोग भारत के चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है। आज उन्होंने कुछ बयान दिया है, जो पूरी तरह से बकवास है। सच तो यह है कि निर्वाचन आयोग अपना काम नहीं कर रहा है।'

### निशिकांत का राहुल पर बड़ा हमला



राहुल के बयानों पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने जवाबी हमला किया है। उन्होंने कहा कि उनका बयान बता रहा है कि उनको अपने पिता द्वारा पारित कानून की जानकारी नहीं है। युवा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए ये राजीव गांधी का पारित कराया हुआ कानून है। 2003 में भी बिहार में ऐसा ही किया गया था। महाराष्ट्र की ही तरह हरियाणा और दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव हुए हैं। राहुल को ऐसा क्यों लगता है कि चोरी सिर्फ महाराष्ट्र में हुई है। क्या वे पंजाब , हरियाणा और दिल्ली चुनाव भूल गए। विरोध का सबका अपना तरीका होता, अपना हिसाब होता है। वक्त का तकाजा भी होता है। राहुल के साथ भी ऐसा ही है।

बेंगलुरु भगदड़ मामले में कैबिनेट का फैसला

## आरसीबी और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स कंपनियों पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक मंत्रिमंडल ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के निकट हुई भगदड़ की घटना पर न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी कुन्हा की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। स्टेडियम में चार जून को हुई भगदड़ की घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे।कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने बैठक के बाद बताया कि मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय किया कि वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने में शामिल निजी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी कुन्हा की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई निजी संघों, आरसीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स जैसी कंपनियों के खिलाफ की जाएगी।

### पंजाब : छह पाक ड्रोन मार गिराए, एक किलो हेरोइन जब्त

चंडीगढ़, 24 जुलाई (भाषा) पंजाब के अमृतसर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास पाक की तरफ से आए छह ड्रोन को मार गिराया और एक किलो से अधिक हेरोइन व तीन पिस्तौल बरामद किए। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ जवानों ने बुधवार रात अमृतसर के मोढ़े गांव के पास पांच ड्रोन मार गिराने के लिए तकनीकी उपाय किए।

## देशभर के ओबीसी नेताओं को जुटाकर कांग्रेस 50 फीसदी आरक्षण सीमा को हटाने की करेगी केंद्र से मांग

**नई दिल्ली (ब्यूरो.) ।** कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय, समानता और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अपने अभियान 'सामाजिक न्याय 2.0' को मजबूती देने के लिए शुक्रवार को संसद में ओबीसी नेताओं के साथ गांधी मूर्ति से मकर द्वार तक मार्च निकालने और ओबीसी नेताओं की बैठक आयोजित करने की घोषणा की है। तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन भी आयोजित करने की योजना बनाई है। सम्मेलन का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। समापन भाषण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी देंगे। इस आयोजन में तेलंगाना, कर्नाटक, और अन्य राज्यों से ओबीसी समुदाय के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मार्च और बैठक का उद्देश्य ओबीसी समुदाय के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता को प्रोत्साहित करना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तेलंगाना में शुरू हुआ सामाजिक न्याय 2.0 आंदोलन देश भर में कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया कदम है। उन्होंने बताया कि देश की अधिकांश आबादी एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस समुदायों से होने के बावजूद, इन समुदायों का कॉरपोरेट बोर्ड, न्यायपालिका, नौकरशाही और प्रमुख संस्थानों में प्रतिनिधित्व न के बराबर है।

## उपराष्ट्रपति के चुनाव में साझा उम्मीदवार उतार सकता है 'इंडिया' गठबंधन : सूत्र

- सभी घटक दलों से विचार-विमर्श के बाद ही इस पर अंतिम निर्णय किया जाएगा
- चाहे नतीजे कुछ भी हों क्योंकि ऐसा करने से अच्छा राजनीतिक संदेश जाएगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन उपराष्ट्रपति के चुनाव में साझा उम्मीदवार उतार सकता है, हालांकि सभी घटक दलों से विचार-विमर्श के बाद ही इस पर अंतिम निर्णय किया जाएगा। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, ''उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर यह संभावना है कि इसमें उम्मीदवार उतारा जाए, चाहे नतीजे कुछ भी हों क्योंकि ऐसा करने से राजनीतिक संदेश जाएगा।'' जगदीप धनखड़ ने बीते सोमवार शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनके इस्तीफे के पीछे के कारणों को लेकर लगातार अटकलों का दौर जारी है। संसद के दोनों सदनों की सदस्य संख्या इस समय 782 है और उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विजयी उम्मीदवार को 392 वोट हासिल करने होंगे, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्य (मनोनीत सदस्यों समेत) उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करते हैं। लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 542 सदस्यीय सदन में 293 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है, वहीं 'इंडिया' गठबंधन के पास 234 सदस्य हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में लगभग 130 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। उच्च सदन में भारत के पास 79 सदस्यों का समर्थन है।

## शाह ने सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए नई राष्ट्रीय नीति पेश की

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नई राष्ट्रीय नीति की घोषणा की। इस नीति का उद्देश्य हर गांव में अधिक पेशेवर रूप से प्रबंधित और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सहकारी संगठन बनाना है। सहकारी समितियों के लिए इसी तरह की नीति वर्ष 2002 में लाई गई थी। उस समय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में था। 23 साल बाद नई नीति लाई गई है।

### राज्यों से नई नीति को लागू करने का आग्रह किया



'राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025' का अनावरण करते हुए, शाह ने जोर देकर कहा कि सहकारिताएं, कराधान सहित सभी पहलुओं में कॉरपोरेट क्षेत्र के बराबर हैं। उन्होंने राज्यों से नई नीति को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि सहकारी क्षेत्र में भारत के लिए विकास लाने की क्षमता है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य सहकारी संगठनों को पेशेवर, पारदर्शी, तकनीक से लैस और वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के साथ-साथ सफल भी बनाना है। शाह ने कहा, ''देश के हर गांव में कम से कम एक सहकारी संस्था स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, कम से कम 50 करोड़ लोगों को सहकारिता के दायरे में लाने का लक्ष्य है। मंत्री ने कहा, ''यह नीति दूरदर्शी, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी है।' उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने वर्ष 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

**HARYANA CRICKET ASSOCIATION**
Company formed Under Section 8 of the Companies Act 20-13.
7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana

**TENDER NOTICE - Corrigendum and Revised Dates**

| | |
|---|---|
| Tender No. and Date | HCA/2025-26/1005-05/07/2025 |
| Authority | CEO, Haryana Cricket Association |
| Description of Work | Selection of an Agency for Construction of International Cricket Stadium at Lohat, Jhajjar, Haryana for Haryana Cricket Association |
| Estimated Project Cost | 186.72 Cr. (Rupees One Eighty-Six Point Seven Two Crore) only |
| Earnest Money Deposit (EMD) | 2 Cr. (Rupees Two Crores) only. |
| Contract Period | 24 Months |
| Bid Evaluation Criteria | QCBS (Quality and Cost Based Selection) |
| Sale of Tender Document | From 05/07/2025, 15.00 Hrs. to 05/08/2025, 11.00 Hrs. at 7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana |
| Corrigendum Document | Available at HCA office 7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana |
| Last Date of Tender Submission | 08/08/2025, Between 13:30 & 15:30 Hrs. |
| Date of Technical Presentation | 11/08/2025, Between 13:20 & 15:20 Hrs. |
| Date of Opening Financial Bids | 12/08/2025, Between 13:15 & 15:15 Hrs. in presence of tenderer |
| Cost of Tender Document | 50,000.00 (Rupees Fifty Thousand) + 5% GST |
| Mode of Payment for Tender Document | Draft favoring Haryana Cricket Association payable at Bhiwani, Haryana |

FOR HARYANA CRICKET ASSOCIATION
CEO

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप जगाधरी में पावर हाउस के विभिन्न सबस्टेशनों के एचटी/एलटी स्विच बोर्ड पैनलों की मरम्मत, ओवरहालिंग और परीक्षण। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | द्वितीय पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 18.08.2025 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 23.07.2025 17:48 |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 64,85,224.96/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 1,29,700/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | NIL अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 04.08.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 18.08.2025 प्रातः 11:30 बजे |

**निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है

वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर जाएं

No.: 56/W/इलेक्ट/25-26/T/04/HT-LT स्विच बोर्ड 2244/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सिक्किम विश्वविद्यालय**

एसयू/आरईजी/अकेड/एफ-1/13/2025/वॉल.-1/109 दिनांक: 24.07.2025

**प्रवेश सूचना**

सिक्किम विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निम्नलिखित विभागों में चार वर्षीय अंडर ग्रेजुएट (एफवाईयूजी) कार्यक्रम में प्रवेश की घोषणा करता है :

1. चीनी
2. हिंदी
3. संगीत
4. मनोविज्ञान

**ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ :** 26/07/2025
**कक्षाएँ प्रारंभ :** 02/09/2025
**विश्वविद्यालय वेबसाइट :** https://www.cus.ac.in
**पंजीकरण लिंक :** https://cuscuet.samarth.edu.in

हस्ता/– रजिस्ट्रार

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट देखें।
सीबीसी-21318/12/0005/2526

**रक्षा मंत्रालय**
**भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग**
**केन्द्रीय सैनिक बोर्ड**

**रक्षा मंत्रालय के आरक्षित कोटे के अंतर्गत भारत सरकार के नामिनी के रूप में मेडिकल/डेंटल कालेजों में डिफेंस सीटें : 2025-26**

1. निम्नलिखित श्रेणियों के सैन्य कर्मियों के पुत्रों/पुत्रियों/विधवाओं से उनके सम्मुख दर्शाई गई प्राथमिकता के अनुसार मेडिकल कालेजों और डेंटल कालेजों (बशर्ते कि स्वास्थ्य मंत्रालय से उतनी सीटें आवंटित हों) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| कमांक | श्रेणी | प्राथमिकता |
|---|---|---|
| (क) | युद्ध कारवाई के दौरान शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवा / बच्चे | I |
| (ख) | युद्ध कारवाई के दौरान अपंग हुए तथा सेना से बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मियों के बच्चे | II |
| (ग) | सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान दिवंगत हुए रक्षा कर्मियों की विधवा / बच्चे | III |
| (घ) | सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान अपंग हुए तथा बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मियों के बच्चे | IV |
| (ङ) | वीरता पदक प्राप्त सेवारत सैनिक और भूतपूर्व सैनिक के बच्चे | V |
| (च) | भूतपूर्व सैनिक के बच्चे | VI |
| (छ) | पत्नीयाँ (i) युद्ध कारवाई के दौरान अपंग हुए तथा सेना से बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मी (ii) सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान अपंग हुए हों तथा बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मी (iii) वीरता पदक प्राप्त सेवारत सैनिक और भूतपूर्व सैनिक | VII |
| (ज) | सेवारत सैनिक के बच्चे | VIII |
| (झ) | सेवारत सैनिक की पत्नीयाँ | IX |

2. **उम्मीदवारों के लिए अर्हता**
(क) भारत सरकार के नामिती हेतु आरक्षित केन्द्रीय सीटों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन NTA द्वारा आयोजित NEET-2025 में उनके द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जाएगा। NEET में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन न करें।
(ख) सिविलियनों के बच्चे इस योजना के पात्र नहीं हैं, इसलिए वे आवेदन न करें।
3. अभ्यर्थियों को निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध Google Forms पर आवेदन करना होगा-
(क) DESW Website - www.desw.gov.in
(ख) DGR Website www.dgrindia.gov.in
4. सेवानिर्वत कार्मिकों के लिए पात्रता प्रमाण पत्र, आर एस बी / जेड एस बी तथा सेवारत कार्मिकों के लिए अभिलेख कार्यालय तथा सी ओ ओ/ सी यूनिट के द्वारा प्राथमिकता V. VI. VII, और IX में हस्ताक्षर करा कर इन सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ अभ्यर्थी की फोटो भी अपलोड करें।

CBC-10405/11/0001/2526

चिंतन

# भारत-ब्रिटेन में एफटीए दोनों के लिए फायदेमंद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ वार के चलते विश्व के दूसरे प्रमुख देशों ने तेजी से विकल्प की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। जो यूरोप अपनी अधिकांश चीजों के लिए अमेरिका पर निर्भर होता था, वो अब अमेरिका मुक्त वैश्विक विकल्प की ओर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को देखा जाना चाहिए। वर्ष 2022 से भारत व ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत चल रही थी, लेकिन ट्रंप के टैरिफ वार के बाद एफटीए को अंतिम रूप देने में तेजी आई। राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोप पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया है, इससे यूरोप असहज है। ब्रिटेन बेशक ब्रेक्जिट कर चुका है, लेकिन यूरोपीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका में है। भारत व ब्रिटेन के बीच सामरिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से मजबूत हैं, लेकिन इस एफटीए के बाद दोनों देशों के बीच ट्रेड संबंध और मजबूत होंगे। ब्रिटेन दैनिक जरूरतों के बहुत सामानों के लिए आयात पर निर्भर है। चीन ने अपने सस्ते सामानों से ब्रिटेन समेत पूरे यूरोप को पाट रखा है। इस एफटीए के बाद भारत को ब्रिटेन में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी, अमेरिका के बाद भारत को ब्रिटेन का समृद्ध बाजार भी मिलेगा। यूरोपीय संघ छोड़ने (ब्रेक्जिट) और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद ब्रिटेन के चीनी आयात पर निर्भरता से दूर होने के मद्देनजर यह एफटीए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे दोनों देश के निर्यातकों को लाभ होगा और आम नागरिक को सस्ते उत्पाद मिल सकेंगे। इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। ब्रिटेन से भारत में आयात होने वाले करीब 90 फीसदी उत्पाद या तो शुल्क मुक्त होंगे या उस पर कम शुल्क लगेंगे। यह एफटीए ऐतिहासिक होने के साथ-साथ दोनों देशों के लिए 'विन विन' है। हालांकि भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन के बाजार में चीनी निर्यातकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी होगी। अमेरिका ने टैरिफ वार छेड़कर वैश्विक व्यापार में ऐसा संशय का माहौल पैदा कर दिया है, जिसमें दूसरे मुल्क आपसी ट्रेड बढ़ाने पर जोर देने लगे हैं। सितंबर में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच भी एफटीए पूर्ण होगा। भारत व ब्रिटेन के बीच हुए एफटीए से इंडो-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में भी मदद मिलेगी। अब भारत अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वार्ता में भी दबाव में नहीं होगा। खास बात है कि चीन 25 जुलाई को ईयू के साथ एफटीए को पूर्ण करेगा। इससे भी भारत को यह देखने का अवसर मिलेगा कि ईयू और चीन के साथ शुल्क को लेकर किस तरह की डील हुई है। भारत और अमेरिका के बीच भी ट्रेड वार्ता अगस्त तक पूर्ण हो सकती है, हालांकि टैरिफ दर को लेकर अभी दोनों देशों के बीच कई स्तर पर मतभेद हैं। अभी ब्रिटेन भारत से 11 अरब पाउंड का आयात करता है। इस एफटीए से दोनों मुल्कों के बीच आपसी व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है, अभी यह 56 अरब डॉलर है। इस एफटीए में भारत-यूके के बीच व्यापार को 2030 तक 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस समझौते से भारत में आगरा-कानपुर के चमड़ा उद्योग, सूरत-लुधियाना-वाराणसी के टेक्सटाइल उद्योग और सूरत-मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग को सस्ता बाजार मिलेगा। भारत और ब्रिटेन के रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ेगी। यह एफटीए विश्व की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच समझौता है।



इंडो-यूके एफटीए

शंभू भद्रा

# ग्लोबल ट्रेड में भारत का एक और आयाम


**ब्रिटेन-भारत व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच कारोबार में कम से कम 34 अरब डॉलर का इजाफा होने का अनुमान है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश पीएम किएर स्टॉर्मर ने इस समझौते को ऐतिहासिक और दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड बढ़ाने का अवसर कहा है। इस एफटीए से भारत के वस्त्र, कृषि, ज्वेलरी, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक, फार्मा क्षेत्र को व्यापक बाजार मिलेंगे। अमेरिका से जारी ट्रेड वार्ता के बीच यह एफटीए का पूर्ण होना काफी महत्वपूर्ण है। इस एफटीए से ग्लोबल ट्रेड में भारत का एक और नया आयाम जुड़ गया है। भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, यूएस व फ्रांस के साथ प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी।**

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए गए। इसे आधिकारिक तौर पर सीईटीए (व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता) के नाम से जाना जाएगा। ब्रिटेन-भारत व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच कारोबार में कम से कम 34 अरब डॉलर का इजाफा होने का अनुमान है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश पीएम किएर स्टॉर्मर ने इस समझौते को ऐतिहासिक और दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड बढ़ाने का अवसर कहा है। इस एफटीए से भारत के वस्त्र, कृषि, ज्वेलरी, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक, फार्मा क्षेत्र को व्यापक बाजार मिलेंगे। अमेरिका से जारी ट्रेड वार्ता के पहले ही भारत व यूके के बीच एफटीए का पूर्ण होना काफी महत्वपूर्ण है। इस एफटीए से ग्लोबल ट्रेड में भारत का एक और नया आयाम जुड़ गया है। शुल्क मुक्त पहुंच से भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

वस्त्र व परिधान क्षेत्र के लिए शून्य शुल्क के साथ बाजार पहुंच 1,143 टैरिफ लाइनों (या उत्पाद श्रेणियों) के लिए है, जो 11.7 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और कंबोडिया की तुलना में शुल्क संबंधी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इन देशों को ब्रिटेन के बाज़ार में शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त थी। मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत से कपड़ा आयात पर शुल्क समाप्त कर दिया गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बढ़ गई है। वस्त्र व परिधान के क्षेत्र में, ब्रिटेन का कुल आयात (26.95 अरब अमेरिकी डॉलर) भारत का वैश्विक निर्यात (36.71 अरब अमेरिकी डॉलर) से कम है, फिर भी भारत ब्रिटेन को केवल 1.79 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आपूर्ति करता है। तेजी से विकास की ओर अग्रसर क्षेत्रों में आरएमजी (रेडीमेड गारमेंट्स), घरेलू वस्त्र, कालीन और हस्तशिल्प शामिल हैं, जहां शुल्कों को हटाने से तत्काल और पर्याप्त प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। भारत को 1 से 2 वर्षों के भीतर ब्रिटेन में कम से कम 5 प्रतिशत अतिरिक्त बाजार हिस्सेदारी हासिल होने की उम्मीद है।

ब्रिटेन भारत का छठा सबसे बड़ा इंजीनियरिंग निर्यात बाजार है। 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एफटीए के तहत टैरिफ उन्मूलन (18 प्रतिशत तक) के साथ, ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात अगले पांच वर्षों में लगभग दोगुना हो सकता है, जो 2029-30 तक 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। शून्य-शुल्क पहुंच से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर के कारण ब्रिटेन के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए ब्रिटेन की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं, नए बाजारों को खोलने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और भारतीय सॉफ्टवेयर फर्मों के लिए निर्यात क्षमता को बढ़ाने के लिए; 2024-25 में वर्तमान 32 अरब अमेरिकी डॉलर से 15-20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का अनुमान है।

भारत वैश्विक स्तर पर 23.31 अरब अमेरिकी डॉलर का फार्मा निर्यात करता है और ब्रिटेन लगभग 30 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारतीय



फार्मा का योगदान 1 अरब अमेरिकी डॉलर से कम है। एफटीए के तहत शून्य टैरिफ प्रावधानों से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। एफटीए से ब्रिटेन को भारत के रासायनिक निर्यात में 30-40 प्रतिशत की नाटकीय वृद्धि होने का अनुमान है। फुटबॉल गेंदों, क्रिकेट गियर, रग्बी गेंदों और गैर-इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों का निर्यात बढ़ने की संभावना है। भारतीय खेल वस्तुओं और खिलौनों को ब्रिटेन के आयात शुल्क समाप्त होने से लाभ होगा, जिससे वे चीन या वियतनाम जैसे देशों की तुलना में अधिक मूल्य-प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे, जिनके ब्रिटेन के साथ ऐसे एफटीए नहीं हैं। भारत का ब्रिटेन को कुल आभूषण और ज्वेलरी निर्यात में लाभ मिलेगा। एफटीए के तहत टैरिफ में छूट से अगले 2-3 वर्षों में ब्रिटेन को भारत के रत्न व आभूषण निर्यात में दोगुना वृद्धि होने का अनुमान है। भारत के चमड़े और जूतों पर 16 प्रतिशत से शून्य टैरिफ समाप्त कर दिया गया, है जिससे भारत की शिल्पकला को विश्वभर में अपना परचम लहराने का अवसर मिलेगा।

इस समझौते के बाद भारत को ब्रिटेन में कई कृषि उत्पादों जैसे फल, सब्जियां, अनाज, हल्दी, काली मिर्च, इलायची, तथा प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे रेडी-टू-ईट खाद्य, आम का पल्प (मैंगो पल्प), अचार और दालों तक शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। 95 प्रतिशत से अधिक कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा। शुल्क मुक्त पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2030 तक भारत के 100 अरब अमेरिकी डॉलर के कृषि निर्यात के लक्ष्य में योगदान देगा। व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) से संबंधित प्रावधान प्रमाणीकरण को सुव्यवस्थित करेंगे, जिससे निर्यातकों के लिए समय और लागत में कटौती होगी। एफटीए उभरते उत्पादों, जैसे कटहल, बाजरा और जैविक जड़ी-बूटियों के लिए नए बाजार तक पहुंच बनाता है, जिससे किसानों को घरेलू मूल्य अस्थिरता के खिलाफ विविधता लाने में मदद मिलती है। भारत का मत्स्य पालन क्षेत्र, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु में, ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से विस्तार देखेगा। भारत संवेदनशील क्षेत्रों-डेयरी उत्पाद, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई टैरिफ रियायत नहीं दे रहा है। भारत वैश्विक स्तर पर 36.63 अरब डॉलर का कृषि उत्पाद निर्यात करता है, जबकि ब्रिटेन 37.52 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारत से केवल 811 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, जो इस एफटीए से उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों में वृद्धि की संभावना दिखाता है। इस समझौते से महाराष्ट्र (अंगूर, प्याज), गुजरात (मूंगफली, कपास), पंजाब और हरियाणा (बासमती चावल), केरल (मसाले) और पूर्वोत्तर राज्यों (बागवानी) को लाभ होगा। सीईटीए भारत के समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन के टैरिफ को समाप्त करता है।

इससे भारतीय निर्यातकों के लिए मूल्य प्राप्ति में सुधार होगा, तथा उच्च खरीद दरों के माध्यम से तटीय मछुआरों को लाभ मिलेगा। ब्रिटेन के 5.4 अरब अमेरिकी डॉलर के समुद्री आयात बाजार के बावजूद, भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.25 प्रतिशत ही बनी हुई है, जो एक महत्वपूर्ण अप्रयुक्त निर्यात अवसर को रेखांकित करता है। भारतीय झींगा पर ब्रिटेन के मौजूदा टैरिफ 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच होने के कारण, एफटीए के टैरिफ उन्मूलन से विशेष रूप से झींगा, टूना, मछली आहार और आहार में तीव्र वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है, जिससे विस्तार की काफी गुंजाइश है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मानसून सत्र

डॉ. आशीष वशिष्ठ



# संसद में हंगामा, समय और संसाधनों की बर्बादी

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी का जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर पर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है।

विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है। ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट की आड़ में संसद का समय बर्बाद कर रहा है। धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते देश के मान-सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए। मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का उपयोग देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिए करता है। 2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे



संकलित

दर्शन

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि अधिकाधिक चिंता और अधिकाधिक प्रतियोगिता। धन प्राप्त करना बहुत कठिन कार्य है उसे बचाए रखना और भी कठिन काम है। तुम थोड़ा सा धन जोडऩे के लिए सारे संसार से झगड़ते हो (और) समस्त जीवन उसकी रक्षा के लिए लड़ते हो। (इसलिए) दरिद्र की अपेक्षा धनवान की चिंता अधिक है। संसार की गति ही ऐसी है। वस्तुएं जैसी हैं, उनकी विवेचना करने के लिए हमें दर्शन शास्त्र की ओर लौटना पड़ेगा, हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे हैं। इसमें ईश्वर का दोष नहीं है, जो हम करते हैं, उसमें हमारा अपना दोष होता है, और कुछ नहीं। ईश्वर को दोष क्यों दिया जाए? अशुभ का अस्तित्व क्यों है? (इस प्रश्न को) हल करने का एकमात्र मार्ग (यह कहना है कि) ईश्वर शुभ और अशुभ, दोनों का कारण है। सगुण ईश्वर के सिद्धांत में बड़ी कठिनाई यह है कि यदि तुम यह कहते हो कि वह केवल शुभ है, अशुभ नहीं, तो अपने तर्क के फंदे में स्वयं फंस जाते हो। तुम कैसे जानते हो कि ईश्वर? तुम कहते हो कि (वह) इस विश्व का पिता है और तुम कहते हो कि मंगलमय है और चूंकि संसार में अशुभ (भी) है, इसलिए ईश्वर को अशुभ होना चाहिए, वही कठिनाई! यहां न कोई शुभ है और न कोई अशुभ है। जो कुछ है, सब ईश्वर है। शुभ क्या है, यह तुम कैसे जानते हो? तुम (उसे) अनुभव करते हो। जो) अशुभ है, तुम उसे कैसे जानते हो? (यदि) अशुभ आता है, तो उसे अनुभव करते हो। हम शुभ और अशुभ को अपने भावों से जानते हैं।

## अपने मन को सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए




संकलित

प्रेरणा

मन को कितना ही शुद्ध किया जाए ये मन ही रहेगा। जैसे जहर को शुद्ध नहीं करना होगा, क्योंकि जहर जितना शुद्ध हो जाएगा ये जहर ही रहेगा और ये जहर और खतरनाक हो जाएगा चूंकि मन का स्वभाव असाध्य है, ये किसी भी तरह से पवित्र नहीं हो सकता। मन इतना कुशल है, इतना चालाक है और इसका गणित इतना जटिल है कि मनुष्य एक से हटे कि मन तत्क्षण मनुष्य के लिए दूसरा जाल बिछा देता है। एह मन कदे नहीं निर्मल होणा बाझ गुरु दे कहे अवतार। इसलिए अपने मन को सदैव सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए। सद्गुरु की कृपा से ही मन का अज्ञान दूर होता है। अतः जो लोग अज्ञानता का शिकार है, वही मन के उत्पातों से डरते हैं, मन को मार देने की बातें करते हैं। सत्य के ज्ञाता मन को मारने की नहीं, बल्कि मन को मोडऩे की बात करते हैं। इनका मत है कि दिशा बदलने से दशा अपने अपने आप ही बदल जाती है। चेतना पर बंधी इस ग्रंथि 'मन' को हम अकसर सुलझाना चाहते हैं, यानी 'मन' से 'मन' को सुलझाने की कोशिश करते हैं और यहां भूल हो जाती है, क्योंकि मन स्वयं एक उलझाव है। मन से कोई सुलझाव हल नहीं हो सकता, जैसे कोई अपने ही हाथ से उसी हाथ को पकडऩे की कोशिश करता है या जैसे कोई चश्मा लगाकर उसी चश्मे को खोजता फिरे कि कहां है चश्मा? अतः महात्मा फरमाते हैं कि साक्षी को बिना जगाए ये मन रूपी ग्रंथि कभी नहीं सुलझ सकती। मानो हमें द्रष्टा को इस ग्रंथि के भीतर लाना होगा, ताकि ये ग्रंथि आसानी से टूट सके और ये कला पूर्ण सद्गुरु ही हरिनाम रूपी दात देकर प्रदान कर सकता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *-विनय कुमार साहू*

ट्रेंड

### आर्थिक साझेदारी



भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी में आज एक नया अध्याय शुरू हो रहा है! व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर व्यापार को बढ़ाने, समावेशी विकास को गति देने और उद्यमों के लिए अवसर पैदा करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्रीय सहकारिता नीति



भारत के सहकारिता क्षेत्र के लिए आज ऐतिहासिक दिन है, जब मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' मिलेगी। यह नीति सहकारिता आंदोलन को नवाचार, आधुनिक तकनीक और युवा शक्ति से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करेगी।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**


### मदनदास देवी को नमन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रथम राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह श्रद्धेय मदनदास देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन। मदनदास ने युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने में सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री**

### भाजपा जाए तो शिक्षा आए



भाजपा की नीतियों में शिक्षा शराब से पिछड़ जाती है क्योंकि शिक्षा जगाती है, चेतना बढ़ाती है जबकि शराब सुलाती है, चेतना हर जाती है। रूढ़िवादी भाजपा को जाग्रत समाज नहीं चाहिए। भाजपा जाए तो शिक्षा आए!

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

करंट अफेयर


## अमेरिका के साथ ये कैसी डील पीएम इस्तीफे को मजबूर



अमेरिका के साथ हुए एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने जापान की सियासत में भूचाल ला दिया है। इस समझौते के तुरंत बाद जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के इस्तीफे की खबरें सुर्खियों में हैं। इशिबा ने अपने करीबी सहयोगियों को यह संकेत दिया है कि वह जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। पीएम इशिबा ने कहा कि वह अमेरिका के साथ हुए टैरिफ समझौते का गहन अध्ययन करने के बाद इस्तीफा देने के संबंध में फैसला लेंगे। पिछले सप्ताह के अंत में हुए चुनाव में इशिबा की सत्तारूढ़ पार्टी को ऐतिहासिक हार मिलने के बाद उन पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। उनके दल 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' और सहयोगी दल 'कोमिटो' ने रविवार को 248 सदस्यीय उच्च सदन में बहुमत खो दिया है। इशिबा ने घोषणा की थी कि वह अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता समेत विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए पद पर बने रहेंगे। अमेरिका के साथ टैरिफ समझौते के बाद उनके संभावित इस्तीफे का रास्ता साफ हो गया है। जापानी मीडिया ने कहा है कि वह अगस्त में पद छोड़ने के बारे में घोषणा कर सकते हैं। ट्रंप द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने की धमकियों के चलते जापान को अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते के लिए मजबूर होना पड़ा।

ऑफ बीट

## बाबा शिब्बोथान जिनके पानी से उतर जाता है सांप का जहर



कांगड़ा जिला के भरमाड़ में स्थित सिद्धपीठ शिब्बोथान को सिद्ध संप्रदाय गद्दी, सिद्ध बाबा शिब्बोथान और सर्वव्याधि विनाशक के रूप में भी जाना जाता है। कहा जाता है कि लगभग 600 वर्ष पूर्व भरमाड़ के निकट सिद्धपुरघाड़ के आलमदेव के घर में शिब्बू नामक बालक ने जन्म लिया। बाबा शिब्बो जन्म से पूर्ण रूप से दिव्यांग थे। उन्होंने जाहरवीर गुग्गा जी की दो वर्षों तक घने जंगलों में तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जाहरवीर ने बाबा शिब्बो को तीन वरदान दिए। प्रथम में उन्होंने कहा कि यह स्थान आज से शिब्बोथान नाम से प्रसिद्ध होगा। दूसरे में कहा कि तुम नागों के सिद्ध कहलाओगे और इस स्थान से सर्पदंशित व्यक्ति पूर्ण रूप से ठीक होकर जाएगा। तुम्हारे कुल का कोई भी बच्चा अगर यहां पानी की तीन चूलियां जहर से पीड़ित व्यक्ति को पिला देगा, तो पीड़ित व्यक्ति जहर से मुक्ति पाएगा और स्वस्थ हो जाएगा। तीसरे और अंतिम वर में उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर बैठकर तुमने तपस्या की है, उस स्थान की मिट्टी जहरयुक्त स्थान पर लगाने से विदेश में बैठा व्यक्ति भी जहर से मुक्ति पाएगा। बाबा शिब्बोथान के गर्भगृह में मछिंद्रनाथ, गोरखनाथ, क्यालू बाबा, अजियापाल, गुग्गा जाहरवीर मंडलिक, माता बाछला, नाहर सिंह, बहन गोगड़ी, बाबा शिब्बोथान, बाबा भागसूनाग, 10 पिंडियां और बाबा जी के 12वीं शताब्दी के लोहे के 31 संगल मौजूद हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# तीसरी सब जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आगाज

## हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

▶▶ चार दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता में भाग ले रहे 700 खिलाड़ी

▶▶ कुलदीप बिश्नोई व रणधीर पनिहार ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

तीसरी सब जूनियर बॉयज़ एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 निकटवर्ती गांव गंगवा स्थित मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब में शुरू हुई। चार दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई व नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने किया। यह प्रतियोगिता 27 जुलाई तक चलेगी। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि भविष्य में ये खिलाड़ी विदेश में भारत का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें और ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि बॉक्सिंग जैसी प्रतियोगिओं में लड़कियां भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। खेलों में भी बच्चों को स्वर्णिम भविष्य है। सरकार ने खेलों को बढ़ावा दे रही है।



हिसार। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कुलदीप बिश्नोई व रणधीर पनिहार।

### पदाधिकारियों ने दिया ब्यौरा

इस अवसर पर इस अवसर पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव रविन्द्र पान्नू, यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन, हिसार के अध्यक्ष भगत सिंह, यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन, हिसार के उपाध्यक्ष मनोज कुश, मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब के बॉक्सिंग कोच विकास लोहान एवं अन्य पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पूरी प्रतियोगिता का ब्यौरा दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में लगभग 700 बॉक्सर भाग ले रहे हैं। इसमें 150 कोच व मैनेजर, 35 पदाधिकारी शामिल है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को 6 से 14 अगस्त तक नोएडा में होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए तैयार करना है। प्रतियोगिता के चलते सभी खिलाड़ियों के लिए रहने और खाने की सुविधा सुनिश्चित की गई है और अनुभवी ऑफिसियल टीम द्वारा मुकाबलों का संचालन किया जा रहा है।

**सरकार ने चलाई अनेक योजनाएं:** नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं लागू की है ताकि हमारे खिलाड़ी खेलों में भी भविष्य सुरक्षित कर सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ व अन्य संस्थाएं मिलकर समय-समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करती रहती है, ताकि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

### लड़कों के मुकाबलों में इन्होंने मारी बाजी

प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों में लड़कों ने भी जमकर पंच चलाए। लड़कों के विभिन्न भार वर्गों में हुए मुकाबलों में भिवानी के गौरव बैनीवाल ने साईं भिवानी के शिवम गौतम को, रोहतक के अंश ने हिसार ए के अखिल को, कुरुक्षेत्र के देवीश ने फरीदाबाद के गर्वित अत्री को, कैथल के रणदीप ने पंचकूला के कल्पित को, जींद के अनमोन ने फरीदाबाद के जिक्षवांसु रावत को पराजित किया। इसी तरह पानीपत के आदित्य ने साईं बी के वंश को, झज्जर के रौनक ने हिसार बी के हिमांशु को, भिवानी के हर्षिल ने फतेहाबाद के केशव को, रेवाड़ी के दीवेश ने सिरसा के कमल मान को, हिसार ए के परनव ने करनाल के प्रतीक को, कैथल के वंश तंवर ने पलवल के यथार्थ को, यमुनानगर के कुनाल ने कुरुक्षेत्र के ध्रुव को, गुरुग्राम के मेघ ने चरखी दादरी के मनजीत को, मेवात के सागर मलिक ने पलवल के यश को, फरीदाबाद के बिसंत ने करनाल के प्रीत को, महेन्द्रगढ़ के वीर ने झज्जर के मिलन को हराया। इसी तरह अन्य मुकाबलों में सोनीपत के आदित्य ने चरखी दादरी के मिराज चहल को, गुरुग्राम के दीपांशु ने रेवाड़ी के निखिल को, पानीपत के तनीश ने राई सोनीपत के गौरव को, जींद के अंशुल ने कुरुक्षेत्र के दीपेश को, अंबाला के दक्ष कुमार ने पंचकूला के तेजश को, हिसार बी के कुनाल ने यमुनानगर के भावन को, भिवानी के निखिल ने पंचकूला के दर्शित शर्मा को तथा महेन्द्रगढ़ के पीयूश शर्मा ने कैथल के रोबिन को पराजित करके मुकाबले जीते।

### ये भी रहे उपस्थित

प्रतियोगिता में उपरोक्त के अलावा हरियाणा बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर एडमिन ओमवीर हुड्डा, कम्पटीशन चेयरमैन अजमेर सिंह, सुभाष फौजी उपप्रधान, आयोजक विकास लोहान, नरेश वालिया, सुनील राणा, अनिल नैन, विकास इंदौरा व मेवा सिंह सहित कई अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।





हिसार। खेल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### लड़कियों के मुकाबलों में ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता के पहले दिन लड़कियों के मुकाबलों में विभिन्न भार वर्गों में यमुनानगर की रामभतेरी ने करनाल की सिद्धक कौर को पराजित किया। इसी तरह साई भिवानी की दीक्षा ने झज्जर की सोनम को, पंचकूला की मन्नत ने सोनीपत की चेतना को, हिसार ए की मोनू ने गुरुग्राम की मानसी को, रोहतक की खुशी ने जींद की यानसू को, कुरुक्षेत्र की रीतिका ने सोनीपत की साक्षी को, पंचकूला की खुशी अहलावत ने भिवानी की वासु को हराया। इसी तरह सिरसा की वीरपाल ने साई भिवानी की भूमिका को, सोनीपत की एंजल ने जींद की मन्नत को, महेन्द्रगढ़ की जयश्री ने पंचकूला की परणीत कौर को, करनाल की मिसती रावल ने पानीपत की तनवी को, झज्जर की याशी यादव ने मेवात की टीटीक्षा कौर को, सिरसा की रेशमा कौर ने हिसार बी की आंचल पूनिया को, रेवाड़ी की नमया ने रोहतक की कनिका को, पानीपत की हिमानी ने हिसार बी की सोनिया को, अंबाला की दिव्या ने झज्जर की रिद्धि गुलिया को, फरीदाबाद की नंदिनी रानी ने मेवात की दिव्या को, जींद की इशा ने भिवानी की सोनिका को, गुरुग्राम की सिया ने पलवल की भावना को, कैथल की रीतिका ढुल ने सिरसा की विशाखा को, जींद की हर्षिता ने फतेहाबाद की हरप्रीत कौर को, कुरुक्षेत्र की ध्रुविका ने झज्जर की ईशु को, सोनीपत की रोनक ने यमुनानगर की ईशिता को, साई भिवानी की रचना शर्मा ने रेवाड़ी की पलक को पराजित करके अपने-अपने भार वर्ग के मुकाबले जीते।

---

भारत 358 रन पर ऑलआउट, पंत का अर्धशतक

# इंग्लैंड के दो विकेट पर 225 रन डकेट और क्रॉली के अर्धशतक

- सुदर्शन और यशस्वी की फिफ्टी, गिल का बल्ला रहा खामोश

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

कप्तान बेन स्टोक्स (72 रन पर पांच विकेट) ने आठ साल में पहली बार पांच विकेट चटकाकर भारत को 358 रन पर समेटा जिसके बाद बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन तक पहुंचाकर चौथे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। डकेट ने 100 गेंद में 13 चौकों की मदद से 94 रन की पारी खेलने के अलावा क्रॉली (84) के साथ पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी करते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।



### ऋषभ ने धोनी को पीछे छोड़ा

टूटे अंगूठे से अर्धशतक जड़ ऋषभ पंत ने इतिहास रच दिया है। वह अब इंग्लैंड में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। यह इंग्लैंड में उनका पांचवां फिफ्टी प्लस स्कोर था। पंत ने एमएस धोनी और फारूख इंजीनियर को पीछे छोड़ दिया है। धोनी और फारूख के नाम चार-चार 50 प्लस स्कोर थे।

### पंत बने सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज

ऋषभ पंत भारतीय टीम की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ा है। शर्मा ने देश के लिए 67 टेस्ट मैच खेलते हुए 116 पारियों में 88 छक्के लगाए थे, जबकि पंत के छक्कों की संख्या 89 हो गई है। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने का कारनामा पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज है। पंत के बल्ले से भविष्य में तीन छक्के और निकलते हैं तो वह देश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल वह दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

### टीम इंडिया की शुरुआत रही अच्छी

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत चौथे टेस्ट में अच्छी रही थी। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 94 रनों की साझेदारी की। केएल राहुल 98 गेंद में 4 चौकों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर तीन नंबर पर आए साई सुदर्शन ने भी अर्धशतक लगाया और यशस्वी जायसवाल ने भी फिफ्टी जड़ी। जायसवाल ने 107 गेंद में 58 रनों की पारी खेली। उनके बल्ले से 10 चौके और एक छक्का निकला। साई सुदर्शन ने 151 गेंद में 7 चौकों की मदद से 61 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका पहला अर्धशतक रहा। वहीं कप्तान शुभमन गिल का बल्ला खामोश रहा. वह सिर्फ 12 रन ही बना सके।

---

विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप

## भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे विक्रमादित्य



**नई दिल्ली।** विक्रमादित्य चौफला को 30 जुलाई से 3 अगस्त तक नीदरलैंड के रोटरडैम में होने वाली विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। रैकेटलॉन एक मिश्रित खेल है जिसमें प्रतियोगियों को चार रैकेट खेल टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश खेलने होते हैं। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी चौफला ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी टीम का नेतृत्व किया था। उन्होंने 2022 में इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीता था।

## वैष्णवी विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बनी

**बर्लिन।** वैष्णवी अडकर विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बनीं जब उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि तीरंदाजों ने दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कंपाउंड पुरुष और मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया। कई ट्रैक एवं फील्ड एथलीट भी फाइनल में पहुंच गए। वैष्णवी को सेमीफाइनल में स्लोवाकिया की एस्टर मेरी के खिलाफ 6-2, 4-6, 4-6 से हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व विश्वविद्यालय खेलों के मौजूदा सत्र में यह देश का अब तक का दूसरा पदक है। टेनिस प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक दिया जाता है। बीस वर्षीय वैष्णवी विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय टेनिस खिलाड़ी बनीं।

## रिले पॉवेल ने 'बर्थडे ब्वॉय' आडवाणी को हराकर विश्व 6-रेड स्नूकर खिताब जीता

**मनामा (बहरीन)।** वेल्स के युवा स्टार रिले पॉवेल ने बृहस्पतिवार को आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में 'बर्थडे ब्वॉय' पंकज आडवाणी को 5-4 से हराकर उन्हें 29वां विश्व खिताब जीतने से रोक दिया। पॉवेल (16 वर्ष) ने बृहस्पतिवार को 40 साल के हुए आडवाणी को हराकर उनके जन्मदिन की पार्टी को फीका कर दिया। आडवाणी ने इससे पहले सेमीफाइनल में हमवतन आदित्य मेहता को 5-4 से हराया था। पॉवेल ने शानदार अंदाज में वापसी करते हुए तीन बार के चैंपियन आडवाणी को 41-6, 10-38, 0-73 (73), 35-42, 38-15, 39-1, 42 (35) -0, 0-44, 38 (32) -9 से मात दी।




## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश हक गिरफ्तार



**ढाका।** गुरुवार सुबह बांग्लादेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एबीएम खैरुल हक को उनके धनमंडी स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) ने ये गिरफ्तारी की है।डीबी के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद नसीरुल इस्लाम के अनुसार एबीएम खैरुल हक के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पूछताछ के लिए उन्हें मिंटो रोड स्थित डीबी मुख्यालय ले जाया गया। खैरुल हक ने 2010 में पदभार ग्रहण करते हुए देश के 19वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया था।

### चीन में खनन क्षेत्र के दौरे पर छह छात्र डूबे



**बीजिंग।** चीन की एक स्वर्ण उत्पादक कंपनी से जुड़े एक खनन संयंत्र के शैक्षिक दौरे पर एक औद्योगिक टैंक में गिरने से छह चीनी छात्र डूब गए। चीनी मीडिया ने ये जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के छात्र बुधवार को उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक संयंत्र के दौरे के दौरान एक फ्लोटेशन सेल में गिर गए। यह संयंत्र हुलुनबुइर में चाइना नेशनल गोल्ड ग्रुप कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत एक खनन कंपनी द्वारा संचालित है।

### धनबाद अवैध खदान ढही कई मजदूर फंसे

**धनबाद/रांची/ (भाषा)।** झारखंड के धनबाद जिले में एक बंद पड़ी कोयला खदान में अवैध खनन के दौरान कथित रूप से फंसे खनिकों को बचाने के लिए तैनात राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम अब तक अभियान शुरू नहीं कर पाई है, क्योंकि घटनास्थल के सटीक स्थान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गिरिडीह के सांसद सी.पी. चौधरी द्वारा बाघमारा थाने में धरना दिए जाने के बाद बुधवार को एनडीआरएफ को तैनात किया गया था। चौधरी ने खदान ढहने की खबर के बाद तत्काल बचाव कार्य शुरू करने की मांग की थी। लेकिन अभी बचाव अभियान के बारे में पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।

---

थाईलैंड ने कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हमले किए एफ-16 तैनात

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा विवाद फिर भड़का

# कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में बारह थाई लोगों की जान गई

*ये सीमा विवाद बहुत पुराना है। दोनों देशों के बीच 508 मील लंबी सीमा है। कई इलाकों में सीमांकन का काम नहीं हुआ है। हालिया विवाद मई में एक कंबोडियाई सैनिक की मृत्यु के बाद शुरू हुआ।*

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

**मृतकों में ज्यादातर आम नागरिक, घरों से भागते दिखे ग्रामीण**

थाईलैंड और कंबोडिया के सैनिकों ने बृहस्पतिवार को सीमा पर एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ज्यादातर आम नागरिक हैं। दोनों पक्षों ने छोटे हथियारों से गोलीबारी की और तोप से गोले दागे तथा रॉकेट से हमले किए। थाईलैंड ने भी हवाई हमले किए। थाईलैंड के ग्रामीणों को अपने घरों से भागते हुए देखा जा सकता है। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि सीमा पर कम से कम छह इलाकों में झड़पें जारी हैं। ये झड़पें बुधवार को सीमा पर बारूदी सुरंग में विस्फोट के बाद शुरू हुईं, जिसमें थाईलैंड के पांच सैनिक घायल हो गए।

**दोनों पक्षों ने छोटे हथियारों से गोलीबारी की और तोप से गोले दागे तथा रॉकेट से हमले किए**

**सीमा पर कम से कम छह इलाकों में झड़पें जारी**



### सभी भूमि सीमा चौकियों को किया सील

बैंकॉक ने कंबोडिया में अपने राजदूत को वापस बुला लिया तथा कंबोडिया के राजदूत को निष्कासित कर दिया। थाईलैंड ने भी अपने नागरिकों से कंबोडिया छोड़ने का अनुरोध करते हुए सभी भूमि सीमा चौकियों को सील कर दिया है। बहरहाल, कंबोडिया के रक्षा मंत्री ने कहा कि थाईलैंड ने गोलीबारी शुरू करने से पहले एक ड्रोन तैनात किया था और कंबोडिया ने कड़ी जवाबी कार्रवाई की। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वर्तमान अध्यक्ष को पत्र लिखकर "थाईलैंड की आक्रामकता को रोकने के लिए" तत्काल बैठक बुलाने का अनुरोध किया। थाईलैंड की

### मई में शुरू हुआ तनाव

मौजूदा तनाव मई 2025 में शुरू हुआ, जब एमराल्ड ट्रायंगल के पास, जहां कंबोडिया, थाईलैंड और लाओस मिलते हैं, एक गोलीबारी में एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया। इस घटना ने दोनों पक्षों में राष्ट्रवादी आक्रोश को जन्म दिया। इसने मौजूदा संकट को शुरू किया। 17 जुलाई को एक विवादित क्षेत्र में बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन थाई सैनिक घायल हो गए। एक सैनिक का पैर कट गया। एक हफ़्ते बाद 23 जुलाई को उबोन रात्चाथानी प्रांत में कथित तौर पर बारूदी सुरंग विस्फोट में एक थाई सैनिक का पैर कट गया। थाईलैंड ने आरोप लगाया कि ये खदानें गश्ती पथों पर "नए बिछाए गए" रूस निर्मित एंटी-पर्सनल माइंस थे, जिन्हें पूर्व आपसी सहमति से सुरक्षित रखा गया था। थाई सेना ने कंबोडिया पर ओटावा संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया, जो एंटी-पर्सनल माइंस के उपयोग और उत्पादन पर प्रतिबंध लगाती है। कंबोडिया ने इसका कड़ा खंडन करते हुए तर्क दिया कि विस्फोट उसके क्षेत्र प्रीह विहियर प्रांत में हुआ था। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले युद्धों के इस्तेमाल नहीं हुए हथियार बिखरे पड़े हैं। कोई नई बारूदी सुरंगें नहीं बिछाई गई है।

### संघर्ष हिंसक कैसे हो गया

24 जुलाई को स्थिति उस समय खुले संघर्ष में बदल गई, जब थाईलैंड ने ता मोआन थॉम मंदिर के निकट कम्बोडियाई सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए एफ-16 लड़ाकू जेट तैनात कर दिए। वहीं जमीन पर थाई और कम्बोडियाई सैनिकों के बीच तोपों, मोर्टार और रॉकेटों से गोलीबारी हुई, जिससे सीमा पर व्यापक दहशत फैल गई। कंबोडिया ने भारी गोलाबारी की, जिसमें बीएम-21 ग्रैड रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल भी शामिल था, जिससे थाईलैंड के सी सा केत प्रांत में नागरिक इलाकों पर हमला हुआ। अब तक 12 थाई लोगों के मारे जाने की खबर है।

### कूटनीतिक और राजनीतिक परिणाम

हिंसा के कारण थाईलैंड और कंबोडिया संबंध वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने या तो अपने राजदूत वापस बुला लिए या उन्हें निकाल दिया। दोनों देशों के बीच यात्रा और व्यापार ठप हो गया। इससे आम जन को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। कंबोडिया ने भी थाई फिल्मों और टीवी शो पर प्रतिबंध के साथ फलों और सब्जियों के आयात पर रोक लगा दी। थाईलैंड के इंटरनेट और बिजली आपूर्ति कनेक्शनों का बहिष्कार कर दिया। थाईलैंड से ईंधन आयात पर रोक लगा दी गई।

---

## विमान ने आपात लैंडिंग की थी

# एफ-35बी के उड़ान भरने के बाद ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम भी स्वदेश रवाना

◆ रॉयल एयर फोर्स की ओर से स्मृति चिह्न भी भेंट किया



भाषा ▶▶ तिरुवनंतपुरम

एफ-35बी लड़ाकू विमान की मरम्मत और सुरक्षा जांच के लिए छह जुलाई से यहां तैनात ब्रिटेन की 17 सदस्यीय इंजीनियरिंग टीम बुधवार को स्वदेश रवाना हो गई। एक सूत्र ने बताया कि ब्रिटेन वायुसेना के कर्मियों ने ब्रिटेन के एफ-35बी की आपात लैंडिंग से लेकर उसके वापस लौटने तक पूरी सहायता देने के लिए तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। 'यूके रॉयल एयर फोर्स' के फ्लाइट लेफ्टिनेंट ने खुद जाकर हवाई अड्डा प्राधिकारियों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया।

### मरम्मत पूरी होने के बाद स्वदेश लौटा

सूत्र के अनुसार, 17 सदस्यीय टीम 'रॉयल एयर फोर्स ए400' विमान से करीब साढ़े नौ बजे रवाना हुई। एफ-35बी लड़ाकू विमान मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद मंगलवार को स्वदेश लौट गया था।

उसे एक महीने से अधिक समय पहले यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया था और तब से वह यहीं खड़ा था। सूत्र ने बताया कि उन्होंने रॉयल एयर फोर्स की ओर से एक स्मृति चिह्न भी भेंट किया।

---

■ 24वीं बैठक की संयुक्त तैयारी पर सहमत हुए

# भारत के साथ सीमा स्थिति पर 'स्पष्ट' बातचीत हुई: चीन

**बीजिंग (भाषा)।** चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सीमा की स्थिति पर भारत के साथ उसकी कूटनीतिक वार्ता "स्पष्ट" रही। दोनों पक्षों ने बुधवार को नयी दिल्ली में सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के ढांचे के तहत बातचीत की। चीन के विदेश मंत्रालय ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इस बातचीत को "स्पष्ट" बताया। मंत्रालय ने कहा, "दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 23वीं बैठक के परिणामों के कार्यान्वयन के संबंध में गहन संवाद पर ध्यान केंद्रित किया और 24वीं बैठक की संयुक्त तैयारी पर सहमत हुए।" डब्ल्यूएमसीसी वार्ता के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि दोनों पक्षों ने "सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया।

---

# भारत महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी, कठिन समय में भी साझेदारी मजबूत साबित हुई

भाषा ▶▶ यरुशलम

भारत को एक 'महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी' और उसके साथ संबंधों को कठिन समय में भी मजबूत बताते हुए इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने नयी दिल्ली के साथ अनुसंधान एवं विकास सहयोग और संयुक्त विनिर्माण पहलों पर केंद्रित रक्षा एवं रणनीतिक साझेदारी के विस्तार पर चर्चा की है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल अमीर बारम की भारत की पहली यात्रा के एक दिन बाद इजराइली रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में दोनों देशों के बीच रक्षा-औद्योगिक सहयोग का उल्लेख किया गया।

### बारम ने उच्च स्तरीय बैठकें कीं



बारम की 22-23 जुलाई को नई दिल्ली की यात्रा में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सहित प्रमुख भारतीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें शामिल थीं। चर्चा रक्षा एवं रणनीतिक साझेदारी के विस्तार, अनुसंधान एवं विकास सहयोग और संयुक्त विनिर्माण पहल पर केंद्रित रही। भारत इजराइल का एक प्रमुख रणनीतिक सहयोगी है और हमारी साझेदारी कठिन समय में भी मजबूत साबित हुई है। हालिया परिचालन उपलब्धियां और साझा सुरक्षा चुनौतियां हमारे देशों के रक्षा-औद्योगिक सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण द्वार खोलती हैं।"

### हमास का युद्धविराम प्रस्ताव 'व्यावहारिक' इजराइली अधिकारी

तेल अवीव। इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे हमास की ओर से युद्धविराम का नया प्रस्ताव मिला है। वहीं, एक इजराइली अधिकारी ने इस प्रस्ताव को 'व्यावहारिक' बताया। हालांकि, इसके बारे में अधिक विवरण साझा नहीं किया। हमास ने आज एक बयान में पुष्टि की कि उसने मध्यस्थों को प्रस्ताव भेजा है।

### यूरोप-चीन के बीच व्यापार वार्ता आज

ब्रसेल्स। यूरोपीय देशों के नेता बृहस्पतिवार को बीजिंग में व्यापार, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक संघर्षों पर चर्चा के लिए चीन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि किसी ठोस समझौते की उम्मीद कम है। यह बैठक दुनियाभर में अमेरिका की ओर से शुल्क लगाने की चेतावनी, आर्थिक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया तथा यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच हो रही है। यह वार्ता पहले दो दिन चलनी थी लेकिन अब इसका समय घटाकर एक दिन कर दिया गया है। दोनों आर्थिक शक्तियों के बीच मतभेद पैदा करने वाले प्रमुख मुद्दों पर न तो यूरोपीय संघ और न ही चीन के पीछे हटने की संभावना है। ब्रुसेल्स और बीजिंग के बीच संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात करेंगे।

---

# एफटीए पर हस्ताक्षर के साथ मोदी की ब्रिटेन यात्रा संपन्न

भाषा ▶▶ लंदन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों की पूर्ण समीक्षा और ऐतिहासिक द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के बाद बृहस्पतिवार को ब्रिटेन की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा संपन्न की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने 'चेकर्स' में मोदी की मेजबानी की, जहां गहन वार्ता हुई। आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी दोनों के बीच चर्चा हुई। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ब्रिटेन की एक बेहद महत्वपूर्ण यात्रा संपन्न हो रही है। इस यात्रा के परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी होंगे और साझा विकास एवं समृद्धि में योगदान देंगे। प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, ब्रिटेन सरकार और जनता का उनकी गर्मजोशी के लिए आभार।

### महाराजा चार्ल्स तृतीय को पौधा भेंट किया

**लंदन (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को पूर्वी इंग्लैंड के नॉरफॉक स्थित सैंड्रिंगम एस्टेट में महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ मुलाकात के दौरान उन्हें एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण पहल के तहत एक पौधा भेंट किया। मोदी ने कहा कि दोनों के बीच योग और आयुर्वेद जैसे पहलुओं के साथ-साथ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) के रूप में जाना जाता है, पर भी चर्चा हुई, जिस पर उनके और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के बीच हस्ताक्षर हुए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "महाराजा राजा चार्ल्स तृतीय के साथ बहुत शानदार बैठक हुई।" मोदी ने कहा, ₹हमने भारत-ब्रिटेन संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसमें सीईटीए और 'विज़न 2035' के मद्देनजर व्यापार और निवेश की जमीनी प्रगति भी शामिल थी।

---

## भारत-नेपाल के बीच हुई बातचीत

# दोनों देश सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर हुए सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देशों के बीच गृह सचिव स्तर की बातचीत के दौरान सीमा प्रबंधन की समीक्षा की गई। एक बयान के मुताबिक 22 जुलाई को भारत और नेपाल के गृह सचिव स्तर की बैठक में यह चर्चा हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने किया जबकि नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के गृह सचिव गोकर्ण मणि दुवादी ने किया।



### सीमा प्रबंधन की समीक्षा की

दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ सीमा प्रबंधन के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की तथा इसे और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों के बीच चर्चा में सीमा स्तंभों की मरम्मत और रखरखाव, सीमा पार आपराधिक गतिविधियों, सीमा जिला समन्वय समितियों के कामकाज को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

---

## अमरनाथ यात्रा में शामिल हुए विदेशी पर्यटक



### 'छड़ी मुबारक' शिव का दंड शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया

**श्रीनगर।** भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' को सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप 'हरियाली अमावस्या' (श्रावण अमावस्या) के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के लिए यहां ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया। महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के तहत गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित मंदिर ले जाया गया। 'छड़ी मुबारक' के संरक्षक ने बताया कि 'छड़ी मुबारक' को लाल चौक के निकट दशनामी अखाड़ा स्थित उसके निवास स्थान से मंदिर लाया गया।

---

# भागवत ने मौलवियों और विद्वानों के साथ की बैठक तालमेल बनाने की कवायद मानी जा रही मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की और कई अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

आरएसएस के संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से यह दिल्ली के हरियाणा भवन में यह बैठक आयोजित की गई। इस मुलाकात को संघ द्वारा मुस्लिम समुदाय के साथ तालमेल बनाने की कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले तीन साल से संघ प्रमुख मोहन भागवत की तरफ से प्रमुखता से मुस्लिमों और हिंदुओं के बीच की दूरी को पाटने की शुरुआत हुई है। इस बैठक में भागवत के




■ नई दिल्ली के हरियाणा भवन में हुई बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

अलावा आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, राम लाल, इंद्रेश कुमार सहित आरएसएस के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए हैं। भागवत ने जिन 50 से अधिक मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों से मुलाकात की, उनमें अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम उमर अहमद इलियासी, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के पूर्व चांसलर और मौलाना अबुल कलाम आजाद के पोते फिरोज बख्त अहमद, मौलाना महमूद हसन, मौलाना नजीमुद्दीन, जुबैर गोपलानी के अलावा कई अन्य मौलवियों एवं विद्वान शामिल थे। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, भागवत ने भारत में धार्मिक समावेशिता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कई प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य आरएसएस के विचारों का प्रचार-प्रसार करना और समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना था। उस दौरान ज्ञानवापी मस्जिद विवाद, हिजाब विवाद और जनसंख्या नियंत्रण जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। हरियाणा भवन में हुई बैठक को लेकर संघ की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

---

# जन्म आधारित नागरिकता समाप्त करने के ट्रंप के प्रयास असंवैधानिक: कोर्ट का फैसला

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने बुधवार को अपने एक फैसले में कहा कि जन्म आधारित नागरिकता को समाप्त करने संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आदेश असंवैधानिक है।



अदालत ने साथ ही देशभर में ट्रंप के फैसले पर अमल पर रोक लगाने वाले अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा। यह फैसला '9वीं अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स' के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सुनाया, इससे पहले न्यू हैम्पशायर के एक संघीय जज ने ट्रंप के आदेश पर रोक लगाई थी। अपील अदालत के फैसले से ट्रंप प्रशासन पर उस आदेश को लागू करने पर रोक रहेगी जो अवैध रूप से या अस्थायी रूप से अमेरिका में रहने वाले लोगों के बच्चों को नागरिकता देने से इनकार करता है। अदालत ने कहा, "डिस्ट्रिक कोर्ट ने सही निष्कर्ष निकाला है कि शासकीय आदेश की प्रस्तावित व्याख्या, जो अमेरिका में जन्मे कई लोगों को नागरिकता से वंचित करती है असंवैधानिक है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25